Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 317 | गुरूवार, 20 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम मोदी समेत बड़े नेताओं का होगा जमावड़ा, 20 मंत्री ले सकते हैं शपथ

# आज 10वीं बार बिहार के सीएम बनेंगे नीतीश कुमार

**पटना।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को बिहार के राजनीतिक इतिहास में नया अध्याय जोड़ेंगे। मोदी गांधी मैदान में किसी मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे। नई सरकार के गठन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। आज गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, 20 नवंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ 20 मंत्री शपथ ले सकते हैं। समारोह में पीएम मोदी समेत तमाम बड़े नेता मौजूद रहेंगे। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद नई सरकार के गठन को लेकर जहां पूरे राज्य में उत्साह का माहौल है, वहीं प्रधानमंत्री की उपस्थिति इस समारोह को राष्ट्रीय महत्व का आयोजन बनाने जा रही है। गांधी मैदान अब तक कई ऐतिहासिक राजनीतिक घटनाओं का साक्षी रहा है, लेकिन बिहार में यह पहली बार होगा जब देश का सर्वोच्च जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व मंत्रिपरिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण का प्रत्यक्ष साक्षी बनेगा। प्रधानमंत्री की उपस्थिति को देखते हुए सुरक्षा के अभूतपूर्व प्रबंध किए गए हैं। एसपीजी, एनएसजी और बिहार पुलिस की संयुक्त टीमों ने मैदान और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की है। हजारों की संख्या में लोगों के आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए हैं। समारोह स्थल पर लगभग एक लाख से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। भाजपा की ओर से कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए शहर को भगवा झंडा, होर्डिंग, बैनर एवं तिरंगा रोशनी से सजाया गया है। आयोजन स्थल पर तीन मंच बनाए गए हैं। पहला मंच वीवीआइपी यानी प्रधानमंत्री, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अतिरिक्त अन्य अतिविशिष्ट अतिथियों के लिए बनाया गया है। दूसरा मंच वीआइपी एवं तीसरा मंच सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बनाया गया है। मुख्य मंच पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई वरिष्ठ सदस्य, भाजपा-जदयू सहित एनडीए के शीर्ष नेता, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और विभिन्न गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए बुधवार की देर रात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह विशेष विमान से पटना पहुंच गए। पटना पहुंचने के उपरांत शाह ने होटल मौर्य में एनडीए के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक की। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री की मौजूदगी केंद्र और राज्य के बीच समन्वय तथा भविष्य की राजनीतिक दिशा के संदर्भ में मजबूत संदेश देगी। गांधी मैदान में होने वाला यह समारोह राजनीतिक रूप से भी बेहद अहम माना जा रहा है।

यह स्थल जेपी आंदोलन से लेकर कई बड़े जनांदोलनों का केंद्र रहा है। लेकिन, पहली बार यहां होने वाला शपथ ग्रहण समारोह इसे एक नए ऐतिहासिक अध्याय के रूप में स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर से सीधे गांधी मैदान पहुंचेंगे।




## न्यायपालिका की आलोचना से आपत्ति नहीं, लेकिन व्यापक आरोप नहीं लगाने चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि उसे न्यायपालिका की आलोचना से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन किसी भी तरह के व्यापक आरोप नहीं लगाए जाने चाहिए।जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्ज्ल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप शर्मा को आगाह किया, जिन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के जजों पर कुछ आरोप लगाए हैं।



पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, 'आपने कई अच्छे मुद्दे उठाए हैं, लेकिन आप किसी पर भी व्यापक आरोप नहीं लगा सकते। हमें न्यायपालिका की आलोचना से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह उचित तरीके से होनी चाहिए।' वकील ने पीठ को बताया कि हाई कोर्ट ने शर्मा द्वारा बिना शर्त माफी मांगने पर अवमानना का आरोप हटाते हुए पौधारोपण करने का निर्देश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि चंडीगढ़ को हरियाली की सख्त जरूरत है और यह अच्छी बात है कि हाई कोर्ट ने ऐसा आदेश दिया। पीठ ने आदेश में कहा, 'याचिकाकर्ता के वकील ने सूचित किया है कि 15 सितंबर, 2025 के आदेश का सम्मान करते हुए याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट के समक्ष बिना शर्त माफी और एक शपथ-पत्र प्रस्तुत किया था। उदारता का परिचय देते हुए हाई कोर्ट ने बिना शर्त माफी स्वीकार कर ली और याचिकाकर्ता को अवमानना की कार्यवाही से मुक्त कर दिया है।'

## थाईलैंड से भारत लाए गए 125 भारतीय

**नई दिल्ली।** म्यांमार के म्यावाड्डी स्थित ठगी केंद्रों से रिहा किए गए 125 भारतीय नागरिकों को एक सैन्य विमान के जरिए थाईलैंड से भारत भेजा गया। बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। भारतीय दूतावास के अनुसार, इसके साथ ही इस वर्ष मार्च से अब तक म्यांमार के ठगी केंद्रों से रिहा हुए कुल 1,500 भारतीयों को थाईलैंड के माध्यम से स्वदेश वापस लाया जा चुका है। दक्षिण-पूर्व एशिया में ठगी केंद्रों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने के भारत सरकार के प्रयासों के एक भाग के रूप में, बैंकॉक में भारतीय दूतावास और थाईलैंड के चियांग माई प्रांत में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए थाई सरकार और टाक प्रांत की विभिन्न एजेंसियों के साथ घनिष्ठ समन्वय में काम किया है।

## थल सेनाध्यक्ष ने चीन सीमावर्ती क्षेत्रों का किया दौरा

**गंगटोक।**

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सिक्किम में चीन सीमावर्ती इलाकों का दौरा कर सैन्य तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग से भी मुलाकात की।

जनरल द्विवेदी के साथ पूर्वी सेना कमान 33 कोर और 17 माउंटेन डिवीजन के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकताओं, सैन्य-नागरिक समन्वय और चल रहे सहयोगात्मक कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री के सरकारी आवास में आयोजित बैठक में सैन्य-नागरिक संबंधों को और मजबूत करने, सिक्किम के पूर्व सैनिकों के कल्याण संबंधी उपायों की समीक्षा और रणभूमि दर्शन कार्यक्रम की प्रगति पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग ने सीमावर्ती राज्य की सुरक्षा में भारतीय सेना की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और कहा कि सिक्किम सरकार तथा यहां की जनता देश की सुरक्षा को और सशक्त बनाने के लिए सदैव तत्पर है। थल सेनाध्यक्ष ने 17 माउंटेन डिवीजन के अधीन कई अग्रिम चौकियों का निरीक्षण किया। उन्हें सैन्य इकाइयों की तत्परता, क्षमता वृद्धि योजनाओं और उच्च पर्वतीय क्षेत्र की चुनौतियों के बारे में विस्तृत ब्रीफिंग दी गई। जनरल द्विवेदी ने सीमा क्षेत्र में चल रही तैयारियों की समीक्षा की और क्षेत्र में तैनात नई तकनीकों, विशेषकर स्वदेशी ड्रोन प्रणालियों का जायजा लिया। ये ड्रोन कठिन ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात सैनिकों को वास्तविक समय में बेहतर निगरानी और सूचना उपलब्ध करा रहे हैं।



## राजस्थान के 16 जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे, पहाड़ों पर बर्फबारी जारी



**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में अब ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है। मंगलवार से दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा समेत पूरे उत्तर भारत में शीतलहर के कारण सर्दी बढ़ी है। मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट की चेतावनी दी है।

असम और मेघालय में मध्यम कोहरा छाया रहा। पूर्वोत्तर भारत, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी मध्य प्रदेश में कहीं-कहीं कोहरा देखा गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिए महत्वपूर्ण शीत लहर की चेतावनी जारी की है। अत्यधिक ठंड की यह अचानक शुरूआत सर्दियों की स्थिति के समय से पहले आने का संकेत देती है, जिसमें रात के तापमान में मौसमी सामान्य से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने का अनुमान है।

## सीजफायर के बाद भी नहीं मान रहा इस्राइल



**नई दिल्ली।** इस्राइली सेना ने गाजा सिटी और खान यूनिस में जोरदार हमला किया। इस हमले में 25 लोगों की मौत हो गई, वहीं 77 घायल हुए। पीएम नेतन्याहू ने तुरंत और जोरदार जवाबी कार्रवाई का आदेश दिया। अमेरिका के युद्धविराम के बावजूद इस्राइल ने 393 हमले किए। इस्राइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने बुधवार को गाजा सिटी और खान यूनिस में हवाई हमले किए, जिनमें 25 लोगों की मौत हो गई और 77 लोग घायल हुए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह हमला उस समय हुआ जब एक दिन पहले ही इस्राइल ने दक्षिण लेबनान के एक फलस्तीनी शरणार्थी शिविर पर भी एयरस्ट्राइक की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका द्वारा कराए गए युद्धविराम के बावजूद इस्राइल अब तक गाजा में 393 हमले कर चुका है, जिनमें 280 लोग मारे गए और 672 घायल हुए। पिछले महीने भी आईडीएफ ने गाजा में हमले कर नौ लोगों को मार दिया था, जब इस्राइल ने दावा किया कि हमास ने युद्धविराम का उल्लंघन किया है। वहीं इस हमले को लेकर इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को आदेश दिया कि गाजा पर तुरंत और जोरदार हमले किए जाएं। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो इस्राइल ने यह जानकारी अमेरिका को भी दे दी थी। दूसरी एर एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि हमास ने रफा क्षेत्र में तैनात इस्राइली सैनिकों पर आरपीजी और स्नाइपर फायर किया।

### बोले मोहन भागवत

## 'भारत को विश्वगुरु बनाना आरएसएस का उद्देश्य'

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने पूर्वोत्तर के युवाओं से संगठन के बारे में गलत धारणाएं न बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आरएसएस का लक्ष्य भारत को विश्वगुरु बनाना है और इसके लिए समाज का संगठित होना आवश्यक है। भागवत ने विविधता के महत्व पर जोर दिया और युवाओं से देश के विकास में योगदान करने का आह्वान किया। वह जल्द ही मणिपुर का दौरा करेंगे। डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को असम और पूर्वोत्तर के युवाओं से संगठन के बारे में पूर्वाग्रहों या प्रेरित प्रचार के आधार पर राय न बनाने की अपील की। राज्य की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन युवा नेतृत्व सम्मेलन को संबोधित करते हुए भागवत ने आरएसएस के सिद्धांतों, आदर्शों और कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आरएसएस अब सार्वजनिक चर्चा का विषय बन गया है, लेकिन ये चचाएं तथ्यात्मक जानकारी पर आधारित होनी चाहिए। दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय मंचों और डिजिटल स्त्रोतों के जरिये संघ के बारे में 50 प्रतिशत से अधिक जानकारी या तो गलत है या अधूरी है। उन्होंने विभिन्न मीडिया संस्थानों द्वारा आरएसएस के खिलाफ जानबूझकर गलत सूचना अभियान चलाने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि संघ का प्राथमिक उद्देश्य भारत को 'विश्वगुरु' बनाना है। राष्ट्र का उत्थान तभी हो सकता है, जब समाज का उत्थान हो। उन्होंने युवाओं से विकसित देशों के इतिहास का अध्ययन करने का आग्रह किया। अध्ययन कर वे पाएंगे कि उनके विकास के पहले सौ वर्ष उनके समाजों में एकता और गुणात्मक शक्ति के निर्माण पर केंद्रित थे। भारतीय समाज को भी इसी तरह विकसित होने की आवश्यकता है।

## 'कई राज्यों में पार्टी का ढांचा कमजोर,

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने एसआइआर को वोट चोरी का जरिया बता चुनाव आयोग के खिलाफ मैदान में उतरने का एलान तो कर दिया है मगर राज्यों में एसआइआर की प्रक्रिया पर गहरी निगरानी पार्टी के लिए चुनौती बनी हुई है। पार्टी ने एसआइआर वाले राज्यों में कांग्रेस इकाईयों से बड़ी संख्या में अपना बूथ लेवल एजेंट यानि बीएलए नियुक्त करने को कहा है पर कई प्रदेशों में संगठन का कमजोर ढांचा उसकी चिंता बढ़ा रहा है। इस चिंता के मद्देनजर कमजोर संगठन ढांचे वाले राज्यों के गांव-पंचायतों तक एसआइआर को लेकर कांग्रेस की ओर से जागरूकता पदयात्रा निकालने के विकल्प पर गौर करने की पैरोकारी शुरू हो गई है। इसकी हिमायत करने वाले नेताओं का तर्क है कि ऐसी जागरूकता के जरिए एसआइआर के दौरान मतदातओं के काटे जा रहे नामों को कुछ हद तक रोका जा सकता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा मंगलवार को एसआइआर वाले 12 राज्यों की बुलाई गई बैठक के दौरान बीएलए की संख्या बढ़ाने से संबंधित चर्चा के दौरान यह सुझाव रखा गया।



## माओवादियों से मुख्यधारा में शामिल होने की अपील

**मुंबई।**

एक करोड़ रुपये के इनामी माओवादी माड़वी हिडमा के मंगलवार को एक मुठभेड़ में मारे जाने के बाद आत्मसमर्पण कर चुके माओवादी नेता मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति ने बुधवार को प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के कार्यकताओं से सशस्त्र संघर्ष छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की है। प्रतिबंधित संगठन के पूर्व प्रवक्ता भूपति की यह अपील आंध्र प्रदेश में एक मुठभेड़ में शीर्ष नक्सली कमांडर हिडमा की मौत के एक दिन बाद आई है। गढ़चिरौली पुलिस ने भूपति द्वारा की गई एक वीडियो अपील जारी की है। भूपति ने 15 अक्टूबर को 60 कार्यकताओं के साथ गढ़चिरौली में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने आत्मसमर्पण किया था। भूपति ने अपने वीडियो में हिडमा और पांच अन्य की मौत का जिक्र करते हुए कहा है कि हमें पिछले कुछ दिनों से मुठभेड़ की खबरें मिल रही हैं। यह बहुत चिंताजनक है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमने लगभग डेढ़ महीने पहले सशस्त्र संघर्ष छोड़ दिया था, क्योंकि हमें एहसास हुआ कि बदलते हालात में हम सशस्त्र संघर्ष नहीं कर सकते। अब हम संविधान के अनुसार लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए काम कर रहे हैं।

**पूर्व नक्सली भूपति ने जारी किया वीडियो**



# संपादक की कलम से

## आपदा से चिन्हित चुनाव

स्थानीय निकाय चुनावों की फेहरिस्त में अगर चुनाव आयोग चार कदम आगे है, तो आपदाग्रस्त राज्य की तस्वीर में अभी आगे बढे की फुर्सत नहीं। पूरा प्रदेश डिजास्टर एक्ट के तहत अपनी क्षतिपूर्ति, पुनर्वास और राहत की उम्मीदों में सुबह होने की मशक्कत में है। कुछ इलाके अभी भी आपदा से चिन्हित अपने घाव मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, तो चुनाव की दोपहरी के नीचे आयोग के लिए यह



ललित शर्मा
संपादक

माकूल समय है। यानी प्रदेश के दो धरातल पर भविष्य देखा जा रहा है। एक ओर सरकार स्थानीय निकाय चुनावों की तिथि के बजाय आपदा राहत के केंद्रीय फरमानों में पंद्रह सौ करोड़ तथा भारी नुकसान की भरपाई के लिए अतिरिक्त धन के लिए दौड़ रही है। ऐसे में एक ओर चुनावी विचार की मौलिकता में राज्य निर्वाचन आयोग के लिए झाड़ू–पौंछा लगाना आसान प्रतीत हो रहा है तो दूसरी ओर अपने काम–अपने समाधान पर लगी प्रदेश सरकार, डिजास्टर एक्ट की निरंतरता में अपने स्टैंड पर कायम है। यानी उसे कुछ समय बाद चुनाव की नजाकत चाहिए। सत्ता के तीसरे साल में स्थानीय निकाय चुनाव प्रदेश की सियासत में विपक्ष की तैयारियों के लिए एक पड़ाव सरीखा है। सत्ता को काम करने हैं, तो प्रतिपक्ष को सियासी क्रीड़ा में अपना नाम करना है। बहरहाल यहां चुनाव आयोग सीधे–सीधे सरकार के मंतव्य पर संदेह कर रहा है। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल कुमार खाची के अनुसार जिस शिद्दत से मतदाता सूचियों का प्रकाशन तथा आरक्षण रोस्टर का निर्धारण होना चाहिए था, वह यूं ही टाला जा रहा है। इस विवाद में कितना सत्य व कितना अर्द्धसत्य है, यह अब सामान्य प्रश्न का सामान्य उत्तर नहीं है। एक मुहाने पर चुनाव को लेकर बहस का आंगन विपक्ष की कचहरी बन गया, तो दूसरे पर सरकार का स्टैंड अब कानूनी बहस का आसरा ढूंढ रहा है। हिमाचल में पंचायत व नगर निकायों के चुनाव, यहां के जनमानस की राजनीतिक जागरूकता का परिचय रहे हैं, इसलिए यह तो नहीं कहा जा सकता कि किसी तरह की देरी से कोई विराम पैदा हो जाएगा। बावजूद इसके दोनों पक्षों की दलीलों में एकतरफा नहीं हो सकते। आपदा प्रभावित क्षेत्रों की ग्राउंड रिपोर्ट तो यही बताती है कि कई गांवों के संपर्क आज भी टूटे हैं। इस दर्द का बयां स्वयं नेता प्रतिपक्ष भी अपने चुनाव क्षेत्र के हवाले से कर चुके हैं और बरसात त्रासदी के जख्म कुल्लू, मंडी, चंबा व सिरमौर जैसे जिलों में आज भी राहत की चुगली कर रहे हैं। कनेक्टिविटी के हिसाब से हिमाचल का एक बड़ा हिस्सा या तो कटा हुआ है या फौरी इंतजाम की जरूरत में नजरअंदाज है। आखिर यह चुनाव हैं तो जनता के लिए ही। उस जनता के लिए भी हैं जिनके घर टूट चुके हैं या पूरी खेती बह गई है। कहीं पूरे के पूरे गांव तो कहीं बाजार का अस्तित्व मिट चुका है। चुनाव आयोग की सक्रियता के पैमाने एकतरफा नहीं हो सकते, बल्कि एक व्यापक सर्वेक्षण से उस सतह की तलाशी ली जाए, जिसके ऊपर हमारा लोकतंत्र अपनी जिम्मेदारी निभाता है। ऐसे में यह तो मानना पड़ेगा कि इस वक्त चुनाव का मुद्दा नहीं, बल्कि चुनाव को मुद्दा जरूर मिल गया। हो सकता है कुछ गांव और शहरों में चुनाव की फेहरिस्त बनाना आसान हो, लेकिन बरसात के पूरे जख्म समाप्त हो गए, यह मानना भी तो गलत है।

# भारत-अमेरिका एलपीजी ऊर्जा सहयोग -टैरिफ तनाव कूटनीतिक संतुलन और वैश्विक व्यापार समीकरणों का नया अध्याय

वैश्विक स्तर पर भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा व्यापार, विशेष रूप से एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) के क्षेत्र में हुआ नया समझौता न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भू-राजनीतिक समीकरणों, टैरिफ युद्ध, कृषि बाजारों में प्रवेश, और वैश्विक व्यापार नीतियों के बदलते ढांचे का संकेत भी देता है। हाल के वर्षों में भारत और अमेरिका के संबंधों में कभी सहयोग तो कभी तनाव की स्थिति देखने को मिली है, विशेषकर जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई भारतीय उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाए थे। ऐसे माहौल में एक वर्ष के लिए किया गया यह विशाल एलपीजी आयात समझौता द्विपक्षीय रिश्तों में सकारात्मक दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावना की गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूंकि यह समझौता भले ही भारत की कुल वार्षिक आवश्यकता का मात्र 10 प्रतिशत है, लेकिन इसकी कूटनीतिक भाषा और रणनीतिक संदेश कहीं अधिक बड़े हैं। भारत घरेलू ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है, वहीं अमेरिका को भारतीय बाजार में एक नई तकनीकी और व्यावसायिक एंट्री मिल रही है। इसके साथ ही यह समझौता भविष्य में संभावित ट्रेड डील, टैरिफ घटाने, और भारत-अमेरिका संबंधों के सुधार का संकेत माना जा रहा है। साथियों बातें अगर हम भारतीय किचन में ह्यमेड इन अमेरिकाह्न एलपीजीःऊर्जा सुरक्षा और व्यापार का नया आयाम इसको समझने की करें तो, भारत दुनिया के उन देशों में अग्रणी है, जहाँ घरों में एलपीजी का उपयोग सबसे तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में भारत के लगभग 90 प्रतिशत घरों में एलपीजी का उपयोग होता है, और इनमें से 65 प्रतिशत एलपीजी आयात की जाती है। भारत की घरेलू जरूरतों का केवल 35 प्रतिशत ही देश में उत्पादित होता है। इसलिए ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने और आपूर्ति के जोखिम को कम करने के लिए भारत के लिए एलपीजी आयात में नए स्रोत जोड़ना रणनीतिक रूप से अनिवार्य था। अमेरिका दुनियाँ का बड़ा शेल गैस उत्पादक है और वह ऊर्जा निर्यात का विस्तार करना चाहता है। इस संदर्भ में भारत द्वारा अमेरिका से 2.2 मिलियन टन एलपीजी आयात के लिए किया गया एक-वर्षीय समझौता न केवल व्यापारिक है, बल्कि रणनीतिक भी है। यह समझौता अमेरिका को भारतीय ऊर्जा बाजार में पहली वास्तविक एंट्री देता है। अमेरिका लंबे समय से चाहता था कि भारत उसके कृषि उत्पादों, विशेष रूप से गेहूं, मक्का, सोया और डेयरी के लिए



गोंदिया

अपना बाजार खोले। लेकिन भारत कृषि क्षेत्र में संवेदनशीलता और लाखों किसानों की आजीविका को देखते हुए इसे अनुमति देने से लगातार बचता रहा है। परिणाम स्वरूप अमेरिका ने नाराज होकर भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ बढ़ा दिया। अब एलपीजी समझौता अमेरिका को ह्यएक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण आर्थिक एंट्रीह्न देता है, जिससे ट्रंप प्रशासन के व्यापार तनाव को कम करने और भविष्य में बड़े समझौतों की दिशा में बढ़ने की संभावना दिखती है। साथियों बात अगर हम भारत-अमेरिका एलपीजी समझौताः एक वर्ष का अनुबंध लेकिन भविष्य के व्यापक व्यापारिक सहयोग की नींव समझने की करें तो, नई डील के अनुसार भारत अमेरिका से लगभग 2.2 मिलियन टन एलपीजी खरीदेगा। यह मात्रा भारत की सालाना एलपीजी खपत का केवल 10 प्रतिशत है, लेकिन इसकी अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक और आर्थिक महत्ता इससे कहीं अधिक है। यह समझौता महत्वपूर्ण क्यों है? यह पहली बार है जब अमेरिका ऊर्जा क्षेत्र में भारत के घरेलू बाजार में सीधे प्रवेश कर रहा है। यह समझौता एक वर्ष के लिए है, लेकिन इसे बड़े, दीर्घकालिक समझौते की पृष्ठभूमि माना जा रहा है। टैरिफ विवादों के बीच यह दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली की दिशा में कदम है। इससे यह संकेत मिलता है कि भारत अब अपनी ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को पश्चिमी देशों, विशेषकर अमेरिका, के साथ अधिक सुरक्षित करना चाहता है। यह सौदा भारत और अमेरिका के बीच सहयोग के नए युग की शुरूआत कर सकता है, जहाँ अमेरिका ऊर्जा निर्यात को बढ़ाएगा और भारत आयात स्रोतों में विविधता लाएगा। इसके साथ ही भारत ने यह संदेश भी दिया है कि वह अमेरिका को अपने बाजार में प्रवेश तो देगा, लेकिन कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में नहीं। साथियों बात अगर हम भारत का एलपीजी पर बढ़ता आयातःघरेलू ऊर्जा नीति, उज्ज्वला योजना और खाड़ी देशों से निर्भरता इसको समझना की करें तो, पिछले एक दशक में भारत में एलपीजी का उपयोग तेजी से बढ़ा है। इसका सबसे बड़ा कारण है, सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जिसके तहत करोड़ों गरीब परिवारों को सब्सिडी पर एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। इससे ग्रामीण और कम आय वाले परिवार भी खाना पकाने के लिए सुरक्षित ईंधन की ओर बढ़े हैं। भारत के प्रमुख एलपीजी आयात स्रोत (2024): यूएई-81लाख टन, कतर-50 लाख टन, कुवैत, सऊदी अरब, महत्वपूर्ण सप्लायर हैं इन आँकड़ों से स्पष्ट है कि भारत की एलपीजी सप्लाई खाड़ी क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भर है।

# उदय किशोर साह

## खुशियों का गुलशन

कविता



जीवन है खुशियों का एक पावन गुलशन
प्रेम नीर से करो इस गुलशन की सिंचाई
कुछ पल की है ये जीवन की ये मंचन
हर मानव है धरती पे एक दुजै का भाई

जन जन में संदेश देकर आज समझाना
पड़ोसी से दुश्मनी ना करना कभी जमाना
दोस्ती का देना घर घर तुम जाकर पैगाम
खुशी से जीयो मेरे धरा के भाई सुबह शाम

भले ही झोपड़ी तेरे नसीब से बनी आशियाना
सुकुन की दे रही है सुखद नींद गाते हैं तराना
महल दोमहल पत्थर का रखे दिल बतियाना
सुखी रोटी खाना पर किसी की दिल ना दुखाना

गरीबी जब सताये तो जग में ना कभी घबराना
सुख का दिन जब आयेगा तब तुम भी मस्कुराना
जीवन सुख दु:ख की दरिया है ये सब ने है माना
पर बच्चे को हर हाल में तुम शिक्षित बनाना

एक दिन समृद्धि की सुबहा तेरे घर खुद आयेगी
तेरे घर के डेहरी पे दिवाली की दीप वो जलायेगी
पर उस पावरदिगार को तुम कभी ना भुलाना
क्योंकि उपर बैठ कर वो देख रहा है तेरी पैमाना

# नक्सलवाद पर बड़ा प्रहार एक नई सुबह की आहट



ललित गर्ग

देश के सामने जो नई सुबह उभर रही है, उसका अर्थ सिर्फ यह नहीं कि बंदूकें शांत हो जाएँगी। इसका अर्थ यह भी है कि वे क्षेत्र, जो दशकों से पिछड़े थे, अब देश की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। वहाँ निवेश होगा, शिक्षा और स्वास्थ्य का ढांचा मजबूत होगा, पर्यटन और स्थानीय उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, और लोग भय–मुक्त होकर जीवन जी पाएँगे। नक्सलवाद के पतन का संदेश यह भी है कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था किसी भी हिंसक विचारधारा से अधिक शक्तिशाली है। हथियार, भय और आतंक से सत्ता पाने का कोई भी प्रयास अंतत: असफल होता है। जनता की आकांक्षाएँ सदैव विकास, सुरक्षा और शांति में होती हैं। नक्सली आंदोलन की जैसी समाप्ति दिख रही है, वह इस सत्य को और अधिक स्पष्ट करती है। नक्सलवाद की पूर्ण समाप्ति केवल बंदूक से नहीं होगी। इसके लिए आवश्यक है कि सरकार विकास योजनाओं की निरंतरता बनाए रखे, आदिवासी समुदायों को सशक्त करे।

नक्सलवाद अपने अंतिम दौर में है और यह बड़ी उपलब्धि एवं परिवर्तन आकस्मिक नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सुनियोजित, कठोर और व्यापक रणनीतियों का परिणाम है। वर्षों से जिस समस्या ने भारत के हृदयस्थल को रक्तरंजित किया था, जिस विचारधारा ने दशकों तक विकास, सुरक्षा और मानवीय संवेदनाओं को बंधक बनाए रखा था, वह अब लगभग समाप्ति की कगार पर पहुँच चुकी है। इसका सबसे बड़ा और हालिया प्रमाण है देश के सबसे खतरनाक, खूंखार और रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माओवादी कमांडर माड़वी हिड़मा का खात्मा, एक ऐसा नाम जिसके आतंक ने न सिर्फ सुरक्षा बलों बल्कि पूरे तंत्र को लंबे समय तक चुनौती दी। सुकमा क्षेत्र में जन्मा हिड़मा, सीपीआई (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य था और पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की बटालियन-1 का प्रमुख। उसकी मौजूदगी मात्र से बड़े-बड़े हमले अंजाम दिए जाते थे। 2010 का दंतेवाड़ा हो या फिर 2013 का झीरम घाटी हमला, पिछले 20 बरसों में हुए लगभग सभी बड़े नक्सली हमलों के पीछे हिडमा का हाथ माना जाता है। उसने लंबे अरसे तक दंडकारण्य में आतंक का राज कायम रखा। दरभा घाटी नरसंहार तक, सुरक्षा बलों के कई घातक ऑपरेशनों का गुनाहगार हिड़मा रहा। उसकी धमक इतनी थी कि उसके सिर पर 50 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक का इनाम घोषित था। लेकिन 18 नवंबर 2025 को सुरक्षा बलों के एक अत्यंत सटीक और साहसपूर्ण अभियान में हिड़मा और उसकी पत्नी राजे सहित छह माओवादी ढेर हुए।

मौके से मिली एके-47, पिस्टल, राइफलें और अन्य हथियार यह प्रमाणित करते हैं कि यह ऑपरेशन नक्सलवाद की रीढ़ पर निर्णायक प्रहार है। हिड़मा का अंत प्रतीकात्मक ही नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से भी एक ऐसा क्षण है जिसने नक्सली नेटवर्क को हिला कर रख दिया है। लंबे समय से ह्यलाल गलियाराह्न कहे जाने वाले क्षेत्र की गतिविधियाँ जिस तेजी से सिकुड़ रही हैं, वह दशार्ता है कि केंद्र सरकार ने सुरक्षा और विकास दोनों मोर्चों पर जिस दोहरी रणनीति को अपनाया है, उसने वास्तविक जमीन पर असर दिखाया है। मार्च 2026 तक ह्यनक्सलमुक्त भारतह्न अभियान के अंतर्गत इस साल 300 नक्सली मारे गए, सैकड़ों गिरफ्तार हुए और आत्मसमर्पण किया-यह आँकड़े बताते हैं कि नक्सलवाद अब अपनी वैचारिक और संगठनात्मक शक्ति खो चुका है। हाल ही में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में दो दिनों में सैकडों नक्सलियों का आत्मसमर्पण होना यह दशार्ता है कि नक्सल संगठन अब अपने आधार क्षेत्रों में भी समर्थन खो रहा है, और आदिवासी समाज धीरे-धीरे सरकारी विकास योजनाओं की ओर बढ़ रहा है। इसी परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण है हिड़मा का खात्मा, जिसने माओवादी कमान में एक ऐसा शून्य पैदा कर दिया है, जिसकी भरपाई उनके लिए आसान नहीं होगी।

आतंकवाद की तरह ही नक्सलवाद भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक दीर्घकालिक, गहरी और जटिल चुनौती रहा है। जिस तरह सीमा पार से आने वाला आतंकवाद देश की शांति, विकास और सामाजिक सद्भाव के लिए खतरा बना हुआ था, उसी तरह भीतर से जन्मा नक्सलवाद राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया को बाधित करता रहा। दशकों तक यह समस्या न सिर्फ कुछ राज्यों के लिए, बल्कि पूरे भारत के लिए चिंता और असुरक्षा का कारण रही। लेकिन अब जिस निर्णायक मोड़ पर देश खड़ा है, वह यह संकेत देता है कि नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है। हाल के वर्षों में लगातार मिल रही सफलताएँ, शीर्ष नक्सली कमांडरों का सफाया, व्यापक आत्मसमर्पण, और प्रभावित क्षेत्रों में तेज विकास-ये सभी इस तथ्य को सिद्ध करते हैं कि देश एक नई सुबह की ओर बढ़ रहा है। यह वह सुबह है जो भारत को भय, हिंसा और पिछड़ेपन से मुक्त कर, स्थायी शांति और तेज विकास की ओर ले जाती है।

नक्सलवाद की जड़ें स्वतंत्रता के बाद की सामाजिक-आर्थिक असमानताओं, भूमि अधिकारों और आदिवासी इलाकों की उपेक्षा में थीं। कई क्षेत्रों में विकास की रोशनी नहीं पहुँची थी, सरकारी योजनाएँ कागजों में रह जाती थीं, और स्थानीय समुदाय प्रशासन के प्रति अविश्वास से भरे हुए थे। इस वातावरण में नक्सली संगठनों को जमीन और जनसमर्थन मिला। उन्होंने वर्ग संघर्ष और हथियारबंद क्रांति के नाम पर हिंसा का मार्ग अपनाया, जंगलों को अपनी ढाल बनाया और आदिवासी युवाओं को अपने साथ जोड़ लिया। धीरे-धीरे यह आंदोलन एक साम्यवादी विचारधारा का रूप लेते हुए देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक चुनौती बन गया। लेकिन समय के साथ यह आंदोलन अपनी मूल विचारधारा से हटकर आतंक, वसूली, शोषण और खून-खराबे का अड्डा बन गया। सुरक्षा बलों पर हमले, विकास कार्यों को बाधित करना, पुलों और स्कूलों को उड़ाना, आदिवासियों को ढाल बनाना, और सत्ता हासिल करने की लालसा-यह सब नक्सलवाद की असलियत बन गया। इस मानसिकता ने न सिर्फ राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती दी, बल्कि हजारों परिवारों को तबाह किया और लाखों लोगों के जीवन को भय से भर दिया। लेकिन मोदी एवं शाह के प्रयासों से न केवल नक्सलवाद के खात्मे की सफल लड़ाई लड़ी गयी बल्कि नक्सल क्षेत्रों में विकास की योजनाओं को लागू किया गया। सड़क-बिजली-मोबाइल नेटवर्क जैसे क्षेत्रों में काफी काम हुआ है और इससे भी नक्सलियों की पकड़ कमजोर करने में मदद मिली है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 2014 से अभी तक नक्सल प्रभावित इलाकों में 12 हजार किमी से ज्यादा सड़कें बनी है, बैंकों की हजार से ज्यादा शाखाएं खोली गई है और स्किल डिवेलपमेंट पर काम किया जा रहा है। इन समन्वित प्रयासों से ही नक्सली जड़ से उखड़ेंगे। माड़वी हिड़मा जैसे अत्यंत खूंखार और रणनीतिक दिमाग वाले नेता का मारा जाना, नक्सलवाद की रीढ़ तोड़ने जैसा है। हिड़मा न सिर्फ नक्सलियों की सैन्य रणनीतियों का प्रमुख दिमाग था, बल्कि उसकी छवि ने वर्षों तक सुरक्षा बलों में चुनौती की भावना जगाई रखी। नक्सलवाद के कमजोर होने में केवल सुरक्षा अभियानों की भूमिका नहीं है, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति सबसे महत्वपूर्ण रही है। जब सरकार ने स्पष्ट किया कि देश को नक्सलवाद मुक्त भारत बनाना है, तो उसके लिए बहु-स्तरीय रणनीति अपनाई गई। एक ओर सुरक्षा बलों को आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण और सटीक इंटेलिजेंस से मजबूत किया गया, वहीं दूसरी ओर सड़कें, स्कूल, अस्पताल, दूरसंचार और आजीविका कार्यक्रमों द्वारा विकास को तेज किया गया। विकास और सुरक्षा का यह संयुक्त प्रभाव नक्सलवाद की जड़ों को खोखला करने में निर्णायक सिद्ध हुआ है।

# क्या अब पूरे देश में शुरू होगी चुनाव पूर्व 'रेवड़ी वितरण' नीति ?

बिहार चुनाव परिणाम आ चुके हैं। परिणामों को लेकर तरह तरह से समीक्षाएँ की जा रही हैं। विपक्ष तो इस चुनाव को जनादेश के बजाये 'ज्ञानादेश' कहकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता व विश्वसनीयता पर ही सीधा सवाल खड़ा कर रहा है। कुछ समीक्षकों की नजरों में धर्म निरपेक्ष मतों के विभाजन के कारण ऐसे परिणाम आये तो कुछ का आंकलन है कि महिला मतों ने चुनाव में निर्णायक भूमिका अदा की। मगर सच तो यह है कि जिसतरह के चुनाव परिणाम आये हैं उसका अंदाजा स्वयं भारतीय जनता पार्टी को भी नहीं था क्योंकि गृह मंत्री अमितशाह ने भी 'अब की बार 160' की विजय सीमा निर्धारित की थी जबकि 202 सीटों पर 'राजग' ने फतेह हासिल की। महिलाओं द्वारा राजग के पक्ष में किये गए बंपर मतदान को लेकर यही कहा जा रहा है कि जिस समय चुनाव की घोषणा के दिन आचार संहिता का सरेआम उल्लंघन करते हुये बिहार में लगभग 1 करोड़ 51 लाख महिलाओं के खाते में 10000 रुपये डाले गए थे उसी समय से यह अंदाजा लगाया जाने लगा था कि चुनाव का रुख नितीश सरकार के पक्ष में जा सकता है। कहा यह भी जा रहा है कि विश्व बैंक से किसी अन्य परियोजना के लिए प्राप्त धनराशि को केंद्र सरकार ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 'डायवर्ट' किया और उन्हीं पैसों को राज्य की महिला मतदाताओं में बांट दिया गया। यही पैसे लगभग डेढ़ करोड़ महिला मतदाताओं के खाते में 10,000 रुपये प्रति खाते की दर से हस्तानांतरित कर दिये गये। गोया लगभग 40 हजार करोड़ रुपयों की भारी अनुमानित रकम रेवड़ियों की तरह बाँट दी गयी। चुनाव पूर्व 'रेवड़ी आवंटन' का यही फामूर्ला जिसे सीधे शब्दों में पैसे देकर वोट खरीदना भी कहा जा सकता है, पूर्व में मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली में विभिन्न योजनाओं के नाम पर और अब बिहार में नकद वितरण के रूप में सफलता पूर्वक आजमाया जा चुका है। चुनाव घोषित होने के बावजूद आचार संहिता का सरेआम उल्लंघन करते हुये सरकारी खजाने से लोगों के खातों में बड़ी राशि डालने का सीधा अर्थ है वोट खरीदना। और चिंताजनक यह है कि यह अनैतिक व गैर कानूनी काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा व उनके सहयोगी दलों द्वारा खुले तौर पर किया गया। सवाल यह है की पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'रेवड़ी बांटने' के इस चलन को लेकर दिये गये 'प्रवचन' क्या केवल विपक्ष के लिये ही थे स्वयं उनकी भाजपा या राजग दलों के लिये नहीं ? याद कीजिये जब जुलाई 2022 को लखनऊ में एक कार्यक्रम में मोदी जी फरमाते हैं कि ₹ये रेवड़ी बाँटने की संस्कृति देश के लिए बहुत खतरनाक है। जो रेवड़ी बाँट रहे हैं, वो आपके बच्चों का हक मार रहे हैं। यह रेवड़ी संस्कृति देश के विकास को खा जाएगी। फ़्री की रेवड़ी बांटकर वोट लेने की होड़ देश को दीवालिया बना देगी। यह आने वाली पीढ़ियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है।₹ प्रधानमंत्री तो मुफ़्त के रेवड़ी कल्चर से इतना आहत थे कि 15 अगस्त 2022 को लाल किले से अपने



निर्मल रानी

स्वतंत्रता दिवस के भाषण में भी उन्हें इसका जिक्र करते हुये कहना पड़ा था कि हमें ₹रेवड़ी कल्चर से बचना होगा जो देश को तबाह कर देगा। उस समय उन्होंने राज्य सरकारों विशेषकर विपक्ष शासित राज्यों पर निशाना साधते हुए कहा था कि मुफ़्त बिजली, मुफ़्त पानी, मुफ़्त बस यात्रा आदि जैसी योजनाएँ चुनावी लाभ के लिए लाई जा रही हैं, जो राज्यों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर रही हैं।₹ उनकी यह टिप्पणी खासतौर पर उस समय की दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल आदि की गैर बीजेपी सरकारों की मुफ़्त योजनाओं के संदर्भ में की गई थी। परन्तु उपरोक्त योजनाएं जिसे प्रधानमंत्री 'रेवड़ी' बता रहे थे इसमें बिजली पानी बस यात्रा जैसी सुविधाएँ तो थीं परन्तु बिहार की तरह 10 हजार रुपए बिना किसी योजना के बैंक खतों में डालना, जिसे सीधे तौर पर पैसे देकर वोट खरीदने के सिवा और क्या कहा जा सकता है ऐसी कोई योजना नहीं थी ? फिर मोदी जी का रेवड़ी संस्कृति को लेकर लाल किले तक से रुन्दन करना आखिर बिहार में कहाँ चला गया ? क्या केवल विपक्षी दलों के लिये ही प्रधानमंत्री की ये नसीहत थी ? और इन सबसे बड़ा सवाल अब भविष्य के चुनावों के लिए खड़ा हो गया है कि क्या अब भविष्य के चुनाव का आधार भी चुनाव पूर्व नकद वितरण ही हुआ करेगा ? क्या बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार जैसे अनेक जनहितकारी मुद्दे अब चुनावी मुद्दे नहीं हुआ करेंगे ? नैतिक रूप से तो कर्ज मुआफी मुफ़्त बिजली, मुफ़्त पानी, मुफ़्त बस यात्रा जैसी सुविधाएँ देना भी मुनासिब नहीं परन्तु आश्चर्य तो यह है कि प्रधानमंत्री को इस तरह की योजनायें रेवड़ी नजर आ रही थीं तो बिहार में चुनाव के दौरान ही बिना किसी योजना के नकद पैसे बांटकर सीधे तौर पर वोट खरीदना कहाँ की नैतिकता है ? बिहार में सरकार तो जरूर बन गयी है परन्तु सरकार बनाने के लिये मुफ़्त बांटे गये लगभग 40 हजार करोड़ रुपयों के बाद राज्य की आर्थिक स्थिति पर क्या फर्क पड़ेगा, क्या रेवड़ी बांटने वालों द्वारा इसका भी आंकलन किया गया है ? और चुनाव आयोग द्वारा मूक दर्शक बनकर इस अनैतिक व गैर कानूनी काम को देखते रहना क्या सीधे तौर पर यह सन्देश नहीं देता कि यह सारा खेल सत्ता व चुनाव आयोग की सामूहिक मर्जी से रचा गया ? बिहार के चुनावों में हुई इसतरह की मुफ़्त रेवड़ी बाँट ने भविष्य के चुनावों के लिये एक ऐसा खतरा पैदा कर दिया है जो न केवल देश की अर्थव्यवस्था को संकट में डाल सकता है बल्कि विश्व के उस सबसे बड़े लोकतंत्र के लिये भी खतरा व शर्मिन्दिगी का कारक है जिस पर प्रत्येक भारतवासी नाज करता है। यही भारतीय चुनाव हैं जिसकी व्यापक प्रक्रिया को देखने के लिये प्रायः दुनिया के नेता व अधिकारी आते रहते हैं। क्या अब हम दुनिया को यही बातयेंगे कि भारत में चुनाव नीतिगत आधार पर नहीं होते बल्कि यहाँ वोट खरीदे जाते हैं ? और क्या अब कुर्सी से चिपके रहने के सत्ता की चुनाव पूर्व ' नकद रेवड़ी वितरण' नीति बिहार की ही तरह पूरे देश में शुरू होगी ?

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग व बॉडीबिल्डिंग अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी**




कल इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी सहारनपुर में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय वेट लिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग व बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री राजकुमार चौहान, थानाध्यक्ष, थाना नागल, निदेशक डॉ अंजू वालिया व गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि श्री राजकुमार चौहान जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्री राजकुमार चौहान जी ने फीता काटकर वेट लिफ्टिंग कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस प्रतियोगिता में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली के विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें वेट लिफ्टिंग में पुरुष वर्ग में 55,61, 67, 73, 81, 89, 96 व 120 किलो ग्राम वर्ग तथा महिला वर्ग में 49, 55, 59, 64, 71, 76,81 व 87 किलोग्राम वर्ग में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया जिसमें कुल प्रतिभागियों में कल 11 टीम रही जिसमें 13 लड़के व 8 लड़कियों ने प्रतिभाग किया। पावरलिफ्टिंग में पुरुष वर्ग में 59,66,74,83,93,105 व 120 किलोग्राम वर्ग तथा महिला वर्ग में 47, 52, 57 ,63, 69, 76,84 किलोग्राम वर्ग में कुल 13 टीमों के 26 लड़कों व 16 लड़कियों ने प्रतिभाग किया। बॉडी बिल्डिंग में पुरुष वर्ग में 60, 65,70, 75, 80,85, 90 किलोग्राम वर्ग में कुल 7 टीमों के साथ पुरुष प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया। जिसमें 60 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में शोएब अली व 65 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में सिविल कुमार श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर के रहे इसके अलावा 70 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में आदित्य तथा 75 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में ऋतिक इंद्रप्रस्थ कॉलेज, सहारनपुर के रहे। इसके अलावा 80 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में यश मलिक एस टी आर सी कॉलेज शामली रहे। मुख्य अतिथि श्री राजकुमार चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि कि जैसे खेल में अनुशासन को अपनाकर ही जीवन में आगे बढ़ा जाता है, इसी तरह सभी छात्रों को अपने जीवन में अनुशासन का पालन करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने बताया कि मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का संस्था में आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं उन्होंने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन संस्था के फिजिकल एजुकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, सोनम राजपूत व विकास चौधरी ने कराया।

# अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) सुश्री शुभांगी शुक्ला की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक हुई सम्पन्न




**वेलकम इंडिया**

**आगराः-** सुश्री शुभांगी शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक कार्यालय के मीटिंग हाल में सम्पन्न हुई।

बैठक में भूतपूर्व सैनिकों से जुड़ी हुई विभिन्न समस्यायें सुनी गई, जिनके निस्तारण हेतु उचित निर्देश दिये गये। बैठक में आगरा पुलिस के प्रतिनिधि के द्वारा सडक सुरक्षा के नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये सुरक्षा के नियमों का पालन करने और साइबर अपराध से सतर्क एवं जागरूक रहने के बारे में जानकारी दी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० संजीव वर्मा द्वारा जिला चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुये स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने एवं नियमित जाँच कराते रहने की सलाह दी। बैठक में कैप्टन (नौसेना) सुनील कुमार, नौ सेना मेडल (अ०प्रा०) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, कर्नल अजय कुमार (अ०प्रा०), प्रभारी अधिकारी ई०सी०एच०एस०, डॉ० संजीव वर्मा नगर स्वास्थ्य अधिकारी, इंस्पेक्टर राजीव कुमार, प्रभारी जनसुनवाई प्रकोष्ठ, अमित तोमर अधिशासी अधिकारी, आगरा विकास प्राधिकरण, मनोज कुमार सिंह अधीक्षक, समाज कल्याण एवं विभिन्न ब्लॉक के सैनिक बन्धु सदस्य

# सरस्वती शिशु मंदिर में झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई का जन्मदिन मनाया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** सरस्वती शिशु मंदिर में झांसी की महारानी वीरांगना लक्ष्मीबाई का जन्मदिन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों ने महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन से संबंधित अपने विचार रखें। साथ ही विद्यालय के आचार्य सुरेश कुमार ने महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर अपने विचार रखें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से संबंधित सिंहासन हिल उठे राजवंशों ने भृकुटी तानी थी। नामक कविता सुनाकर भैया बहनों को महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन से परिचित कराया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया

# एसआई गायत्री ने किया कैरियर मेले का शुभारम्भ

**वेलकम इंडिया**

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। जनपद बागपत के बसौद गांव के राजकीय हाई स्कूल बसौद में कैरियर मेले का भव्य आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं को भविष्य के लिए कैरियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने सभी से लक्ष्य बनाकर अपनी पढ़ाई-लिखाई करने की बात कही। मेले का शुभारम्भ सिंघावली अहीर थाने की एसआई गायत्री जी ने फीता काटकर व माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीपक प्रज्वलित कर किया। एसआई गायत्री ने विद्यार्थियों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को कैरियर से सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर डॉ सत्यवीर सिंह (प्रभारी कैरियर गाइडेंस जिला स्तर), नीतू कुमरा (प्रभारी कैरियर गाइडेंस जिला स्तर), गोपाल सिंह (ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर) आदि अतिथियों ने कैरियर मेले में बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और उनसे सवाल-जवाब पूछे और विद्यार्थियों को उनके कैरियर के बारे में जागरूक करते हुए आवश्यक जानकारी दी। स्कूल के अध्यापकों ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर व गुलाब के फूल देकर अभिनंदन किया। कैरियर मेले को सफल बनाने में अंतरिक्ष कुमार, आभा राज सिंह, बिंदिया ब्रिज, प्रिया रानी, नरेश कुमार भारद्वाज, मनोज कुमार, कालूराम, सुप्रसिद्ध समाजसेवी मास्टर सत्तार अहमद व आदिल हुसैन आदि सभी का सहयोग रहा। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, जयवीर सिंह सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।



# केंद्रीय कारागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

आगरा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशानिर्देश पर केंद्रीय कारागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ दिव्यानंद द्विवेदी, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा ने निरूद्ध बंदियों को जानकारी प्रदान की कि वह अब माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद/लखनऊ के द्वारा पारित निर्णयों की इंग्लिश के आदेशों को अब हिंदी में भी अपलोड किया जाएगा। शिविर में उपस्थित निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को भी सुना गया और उनके निराकरण के लिए अधीक्षक, केंद्रीय कारागार, आगरा को निर्देशित किया गया। साथ ही निरुद्ध बंदियों को सर्दी से बचाव के लिए उचित प्रबंध करने और गर्म कपड़े उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

# जनजागृति यात्रा का दीपक सक्सेना व सौरव जुनेजा ने किया स्वागत



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत के उपलक्ष्य में आयोजित जनजागृति यात्रा का स्वागत अन्नपूर्णा होटल के स्वामी दीपक सक्सेना ने सूक्ष्म जलपान कराकर किया। इस अवसर पर उन्होंने गुरु जी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।

इस स्वागत समारोह में स्थानीय समुदाय के कई सदस्य भी शामिल हुए। जिन्होंने गुरु जी की शहादत को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर दीपक सक्सेना सौरभ जुनेजा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने पीसीएफ गोदाम का स्थलीय निरीक्षण कर उपलब्ध खाद का किया सत्यापन

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर जिलाधिकारी श्रुति ने औचक रूप से जालखेड़ा में स्थित पीसीएफ के गोदाम का स्थलीय निरीक्षण करते हुए स्टॉक रजिस्टर के अनुसार गोदाम में उपलब्ध खाद का सत्यापन किया। मौके पर पीसीएफ के लेखाकार यश राघव, गोदाम प्रभारी हरेंद्र सिंह उपस्थित मिले। निर्देशित किया गया कि रैक से खाद गोदाम पर आने पर सहकारी समितियों की मांग के अनुसार ससमय खाद को भिजवाया जाए। किसानों को समिति से खाद की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखें। ब्रह्मानंद कट के पास पास यूरिया से भरा ट्रक रोका गया। जिसके वाहन चालक छत्रपाल द्वारा पीसीएफ गोदाम से यूरिया बी पैक्स मिजार्पुर समिति ले जाने के लिए चालान उपलब्ध कराया। चालान से गाड़ी में उपलब्ध यूरिया की बोरी का मिलान किया गया जोकि पूर्ण मिला। गाड़ी संख्या यूपी 82टी 3628 के स्थान पर चलान में 3828 पाया गया। भिन्नता के क्रम में पीसीएफ गोदाम के लेखाकार से इस बात की पुष्टि की गई कि मिजार्पुर गोदाम का आरओ प्राप्त हुआ है या नहीं। अवगत कराया गया कि आरओ प्राप्त हुआ है। एआर कॉपरेटिव और जिला प्रबंधक पीसीएफ को निर्देशित किया गया कि त्रुटि रहित चालान को पुनः प्रेषित कर मिजार्पुर समिति पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराए। साथ ही अपने कर्मचारी की उपस्थिति में खाद को अनलोड कराया जाए। इस मौके पर सीडीओ सुश्री निशा ग्रेवाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रमोद कुमार पाण्डेय, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता अमित कुमार त्यागी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामा कालेज के छात्रों को कराई गई मैपिंग विजिट




**वेल्कम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर किरतपुर ।रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन किरतपुर के एम.एस.डब्लू तथा समाजशास्त्र के विद्यार्थियों को ग्राम शाहपुर सुक्खा में मैपिंग विजिट करवाई गई । गांव शाहपुर सुक्खा में छात्र-छात्राओं को मैपिंग करना सिखाया गया तथा मैपिंग के बाद गांव का सर्वे करना सिखाया गया । प्राध्यापक अरुण कुमार द्वारा विद्यार्थियों को गांव के विकास के बारे में जानकारी दी गई। एम.एस.डब्लू डिपार्टमेंट कोऑर्डिनेटर श्वेता सरकार के दिशानिर्देशन में समाजशास्त्र की अध्यापिका रुचि शर्मा ,अरुण कुमार का सहयोग रहा।

# समाज सेवा में अग्रणी चेहरा बनीं विनीता शर्मा- समर्पण और सद्भाव का प्रेरक उदाहरण

**वेलकम इंडिया**



**जयपुर।** जानी-मानी समाज सेविका विनीता शर्मा, जो वॉइस अगेंस्ट क्राइम ऐंड करप्शन की जिला अध्यक्ष एवं मानव सेवा संस्थान की प्रदेश महिला अध्यक्ष हैं, अपने निरंतर समाजिक कार्यों के कारण इन दिनों विशेष चर्चा में हैं। उन्होंने अपना जीवन पूरी तरह मानव सेवा को समर्पित किया है।

स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान

कोविड काल में उन्होंने जयपुर शहर में घर-घर जाकर राशन किट, जरूरी सामग्री और स्वास्थ्य सहायता पहुँचाई।

सम्मान और पुरस्कार उनकी निष्ठा और सेवा भाव के लिए उन्हें कई सम्मान मिले, जिनमें शामिल हैं। नैशनल कल्चर अवॉर्ड, पिंक रत्न अवॉर्ड, चॉइस अवॉर्ड, बीएफसी अवॉर्ड और महिला सशक्तिकरण अवॉर्ड (दिल्ली)। विनीता शर्मा आज समाज सेवा का मजबूत स्तंभ बनकर उभर रही हैं।

# गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर :** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर में महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा एक भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना करने के उपरांत, महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। कु० संध्या, कु० छवि वर्मा एवं मनु वर्मा ने विभिन्न गीतों पर गायन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ईशा, आँचल, मोहिनी तथा राधिका अद्धभुत समन्वय तथा ऊर्जा के साथ सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। छवि वर्मा, तान्या, मनु वर्मा, काजल, हिमानी आदि के एकल नृत्यों को भी दर्शकों द्वारा बहुत सराहा गया। इसके पश्चात सफिया फातिमा, कुश भारद्वाज, हार्दिक देओल, हिमानी, प्रीति, अलीशा, अर्शी, तथा कशिश शर्मा ने प्रेमचंद द्वारा रचित कालजयी लघु कथा मंत्र पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया गया। सबसे खास आकर्षण रहे अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० मोहम्मद साजिद अंसारी, जिन्होंने एक बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया और अपनी प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत नशा मुक्ति पर एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों का उल्लेख करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का आग्रह हुए उन्हें अपने परिवार तथा आस-पड़ोस में भी जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और उपस्थित छात्र-छात्राओं का हृदय से धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के अतिरिक्त अधिसंख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ उदिता राजपूत तथा कु श्रद्धा वत्स ने संयुक्त रूप से किया।

# दिव्यांग बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** दिव्यांग बच्चों के तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय उसका बाजार के मैदान में हुआ। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत जायसवाल ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दिव्यांग छात्राओं ने सुषमा पांडेय के इशारे पर स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति कर बता दिया कि उनके हौसले के आगे दिव्यांगता कोई चुनौती नही है।

वहीं खेल प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने अपना दमखम दिखाया। बालिका वर्ग के जलेबी कूद में नौगढ़ की अंशिका प्रथम, चकोरी द्वितीय, उसका की महक तृतीय रही। जलेबी दौड़ बालक वर्ग में विक्की जोगिया प्रथम, अतुल गुप्ता उसका द्वितीय, अनुराग लोटन तृतीय रहे। चम्मच दौड़ बालक वर्ग कान्हा उसका प्रथम, संदेश उसका द्वितीय, देवाशीष लोटन तृतीय रहे।

बालिका वर्ग चम्मच दौड़ अंजू उसका प्रथम, सलोनी बर्डपुर द्वितीय, शिवानी लोटन तृतीय रही। कुर्सी दौड़ में उसका की आजोरी, वैष्णवी व मयूरी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। रस्सा कसी बालक वर्ग में भोला, अमरजीत, शिवा, अनिक, अनुराग, अखिलेश की टीम विजेता बनी। रस्साकसी बालिका वर्ग अमीना, रोशनी, अंजू, मयूरी, अंशिका, अर्चिता की टीम विजई हुई। हेमंत जायसवाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को बिना भेदभाव के समान अवसर देना चाहिए, इससे इनकी प्रतिभा, रुचि व योग्यता परखने में मदद मिलती है। जो इनके भविष्य को सुगम बनने में सहायक होगा। क्रीड़ा प्रतियोगिता में निर्णायक ब्लॉक व्यायाम शिक्षक बृजेश वर्मा, सुभाष जायसवाल, रितेश यादव, उमेश चंद्र रहे। शिवपाल सिंह, हरिशंकर सिंह, अभय श्रीवास्तव ने बच्चों को पुरस्कृत किया। विनोद मिश्रा, प्रद्युमन सिंह, पुलकित अग्रहरि, अखिलेश मिश्रा, अतुल वर्मा, प्रदीप सिंह, राकेश चौधरी, अजय भारती, खुर्शीद, राघवेंद्र प्रताप, सतीशचंद्र आदि मौजूद रहे।

## एल्किमो विभिन्न स्थानों पर 24 से 30 नवंबर तक लगाएगा विशेष शिविर

**बागेश्वर।** जनपद के अशक्त वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत जीवन सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु 24 नवंबर से 30 नवंबर तक एल्किमो द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर परीक्षण एवं चिन्हीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे।मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशों के अनुपालन में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र एवं अन्य विभागों के सहयोग से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में पात्र लाभार्थियों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक जीवन सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का किया गया आयोजन

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**सिद्धार्थनगर।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को आंबेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने किसानों से कहा कि जो भी आप लोगों की शिकायतें हैं उसे लिखित में दें। जिससे समस्याओं का निस्तारण कराया जा सके। इसके साथ ही निर्धारित दर से अधिक कीमत की खाद की बिक्री की सूचना मिली तो संबंधित दुकानदार पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की ओर से की जा रही मांग को समय से पूरा कराएं। इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण कराएं। साथ ही प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराएं।इस दौरान जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी मु0 मुजम्मिल, तथा किसान यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### 26 बच्चों का टीकाकरण एवं गर्भवतियों की हुई जांच

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**धेंसा/सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत महनगा में बुधवार को बच्चों एवं गर्भवतियों के लिए टीकाकरण और पोषण शिविर लगाया गया। सीएससी अधीक्षक डॉ. अनूप जायसवाल ने उक्त केंद्र का निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि आशा घर-घर जाकर संपर्क करते हुए अधिक से अधिक बच्चों और गर्भवतियों का टीकाकरण करें और उन्हें समयानुसार पूरक आहार दें। वीएचएसएनडी शिविर में 26 बच्चों और गर्भवतियों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान एएनएम सुनंदा देवी, आशा उषा आदि उपस्थित रहीं।

### थाना पुलिस की पैदल गश्त एवं संदिग्धों की चेकिंग जारी



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद हापुड़ में अपराध नियंत्रण एवं शांतिझ्व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी एवं सभी थाना प्रभारियों द्वारा मय पुलिस बल अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, मुख्य बाजारों, सार्वजनिक स्थानों एवं प्रमुख मार्गों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।पुलिस टीमों ने गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की तथा लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील भी की। अधिकारियों ने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतते हुए अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक का कहना है कि जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाते रहेंगे, ताकि नागरिक सुरक्षित एवं निश्चिंत वातावरण में अपने दैनिक कार्य कर सकें।

### नकली पनीर बनाने वाले डेयरी संचालक पर लगा जुर्माना



**मथुरा।** जुलाई में बरसाना के गांव हाथिया में नकली पनीर पकड़े जाने की जांच रिपोर्ट आने के बाद एडीएम ने डेयरी संचालक के खिलाफ 90 हजार रुपये जुमार्ना की कार्रवाई की है। डेयरी संचालक रिफाइंड, चूना और सफेद घोल का प्रयोग करके नकली पनीर बना रहा था। अधिकारियों के मुताबिक, खाद्य सुरक्षा विभाग ने गांव हाथिया में भोला डेयरी पर कार्रवाई कर पनीर के नमूने लिए और जांच के लिए भेजे थे। पनीर बनाने में प्रयोग किए जा रहे पामोलीन आयल, चूना और सफेद घोल के नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक आगरा को भेजे गए थे। नमूनों की इसी सप्ताह जांच रिपोर्ट आ गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर एडीएम प्रशासन अमरेश कुमार ने डेयरी संचालक चरन सिंह पर 90 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। एडीएम ने बताया कि निर्धारित समय एक माह के अंदर जुमार्ना भरने के निर्देश दिए गए हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अधिकारियों द्वारा वसूली कराई जाएगी।

# जन चौपाल लगाकर खेसरहा पुलिस ने नए कानून और मिशन शक्ति की दी जानकारी

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** थाना खेसरहा पुलिस ने बुधवार को रानी लक्ष्मी बाई जयंती के अवसर पर थाना क्षेत्र के बनकटा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पहुंच कर बालिकाओं व महिलाओं ङ्कजन चौपालङ्क लगाकर नए कानून के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया।थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में मिशन शक्ति केन्द्र के अन्तर्गत मिशन शक्ति टीम ने रानी लक्ष्मीबाई जयंती की अवसर पर व बहु बेटी सम्मेलन , मिशन शक्ति कार्यक्रम व साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिलाओं व बालिकाओं को महिला सशक्ति का संबंधित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, एंबुलेंस सेवा 108, साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व स्वास्थ्य सेवा 102 महिला से संबंधित कानून के बारे में जानकारी दी गई एवं महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किए गए कल्याणकारी योजनाओं और वीडियो के तहत जागरूक किया गया। इस दौरान महिला उप निरीक्षक हरेंद्र शरण शुक्ला, चंद्रिका प्रसाद मौर्य, हेड कांस्टेबल राहुल सिंह, सत्येंद्र सिंह, कांस्टेबल अजीत कुमार, आरक्षी संगीता, महिला पीआरडी सुषमा व महिला पीआरडी शीला द्वारा ङ्कनये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0ङ्क नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के तहत बालिकाओं व महिलाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित एकत्रित महिलाओं की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया।

## बच्चों की प्रतिभा निखारने में शिक्षकों की अहम भूमिका : बिष्ट

**गरुड़।** शहीद राम सिंह बोरा राजकीय जूनियर हाईस्कूल भगरतोला का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शुभारंभ करते हुए दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय के विकास के लिए आठ लाख रुपए की घोषणा की। विद्यालय में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री बिष्ट ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत से ही आज भगरतोला जनपद में सर्वाधिक छात्र संख्या वाला जूहा है। उन्होंने विद्यालय के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख किशन बोरा ने दो लाख रुपए देने की घोषणा की। जिपंस भाष्कर बोरा ने विद्यालय के विकास के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

# 34.58 करोड़ रुपये की लागत से क्षेत्र मे बनेंगी सड़कें व पुलिया: विधायक श्यामधनी राही

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई सड़कों व पुलों के निर्माण की स्वीकृति दी है। इसमें धौरीकुइंया-महदेवा बाजार के चौड़ीकरण के लिए 19.26 करोड़ रुपये, नौगढ़-सोहांस लोटन मार्ग पर साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत से लघु सेतु के निर्माण समेत अन्य 18 परियोजनाओं पर कुल 34.58 करोड़ रुपये के धनराशि की वित्तीय स्वीकृत शामिल है।

यह जानकारी सदर विधायक श्याम धनी राही ने दी। वह बुधवार को अपने कैंप कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर दी। उन्होंने कहा कि कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र आबादी के लिहाज से बहुत बड़ा है। फिर भी हम सभी क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे हैं। इसी क्रम में उसका-मोहाना मार्ग से सुकरौली चौराहे से इस्लामनगर संपर्क मार्ग, बंसतपुर संपर्क मार्ग व कसियापुर से सपाटूपुर संपर्क मार्ग का नवनिर्माण होगा, जबकि उस्का-सोहांस मार्ग से फुलवरिया संपर्क मार्ग, एफएनबीएस मार्ग से महरिया संपर्क मार्ग, ककरही संपर्क मार्ग, एलडी मार्ग से देउरा संपर्क मार्ग, दलदलहा संपर्क मार्ग शामिल हैं।

# कथावाचक बनाने का झांसा देकर मां बेटी करती रहीं किशोरी का यौन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** गोवर्धन में कथावाचक बनाकर अधिक रुपये कमाने का लालच देकर एक किशोरी से कई महीनों तक समलैंगिक संबंध बनाए गए। स्वजन को जानकारी हुई तो उन्होंने विरोध जाते हुए किशोरी की शादी तय कर दी। आरोपित युवती ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित परिवार ने भरतपुर के नदबई कस्बे की रहने वाली मां-बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

गोवर्धन थाना क्षेत्र की रहने वाले पीड़िता के भाई ने बताया कि चार वर्ष पूर्व एक महिला इंद्रा उनके पड़ोस में अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहने आई थी। कुछ ही समय में उसकी बेटी ने नाबालिग बहन से नजदीकियां बढ़ाईं।

उसे कथावाचक बनाकर अधिक रुपये कमाने का झांसा दिया। इसी बहाने घर बुलाकर युवती बहन से समलैंगिक संबंध बनाती थी। विरोध करने पर बहन को थप्पड़ मारती और जान से मारने की धमकी देती थी। डर और धमकियों की वजह से वह काफी समय तक किसी से कुछ नहीं कह सकी। 11 नवंबर की रात आरोपित ने किशोरी को मोबाइल पर वीडियो काल कर धमकाते हुए बाहर बुलाया। रात करीब 11 बजे उसे पास के सीमेंट टाइल के मैदान पर बुलाया गया, जहां सफेद रंग की कार में नेहा और उसका परिचित युवक मौजूद थे।

आरोप है कि किशोरी को कार में बैठाकर ले जाया गया और रास्ते में उसे डराने-धमकाने की कोशिश की गई। कार का दरवाजा खोलकर उसे बाहर धक्का देने का प्रयास भी किया गया, जोकि समीप की दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। इस धमकी के बाद पूरा परिवार भय में है। पीड़िता के भाई ने इंद्रा और उसकी बेटी नेहा निवासी गांव सिरसई नदबई राजस्थान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गोवर्धन थाना प्रभारी रवि त्यागी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# गोवर्धन में मेडिकल स्टोर का लाइसेंस रद्द, ड्रग्स इंस्पेक्टर ने की कार्रवाई

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** गोवर्धन में एक मेडिकल स्टोर का लाइसेंस गंभीर अनियमितताओं के कारण निरस्त कर दिया गया है। औषधि प्रशासन ने बरसाना रोड स्थित श्री बांके बिहारी मेडिकल स्टोर पर यह कार्रवाई की है। जिला ड्रग्स अधिकारी प्रेम प्रकाश पाठक ने इसकी जानकारी दी। ड्रग्स इंस्पेक्टर प्रेम प्रकाश पाठक ने बरसाना रोड स्थित उक्त मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया था। इस दौरान स्टोर पर कई अनियमितताएं और कमियां पाई गईं। नियमों के उल्लंघन को देखते हुए मेडिकल स्टोर संचालक पंकज अग्रवाल को नोटिस जारी किया गया था, जिसमें निर्धारित समय सीमा के भीतर जवाब मांगा गया था।

संचालक ने नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया। प्रेम प्रकाश पाठक ने बताया कि दोबारा निरीक्षण करने पर भी वही अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक नियमावली 1945 के तहत कार्रवाई करते हुए मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि लाइसेंस निरस्त होने के बाद संचालक को स्टोर में रखी सभी दवाइयों को संबंधित कंपनियों को वापस करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि निर्धारित समय में दवाइयाँ वापस नहीं की जाती हैं, तो उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। औषधि प्रशासन जिले में अवैध और अनियमित दवा कारोबार पर कड़ी निगरानी रखने के लिए समय-समय पर निरीक्षण अभियान चलाता रहता है।

## अवैध रूप से पेड़ काटने वालों के खिलाफ हुई कार्यवाही मचा हड़कंप

**बुलंदशहर।** छतारी थाना क्षेत्र में अवैध रूप से आम,शीशम, नीम के पेड़ों का कटान करने वाले माफियाओ पर वन क्षेत्राधिकारी ने की बड़ी कार्रवाई वन माफिया अंधेरे का फायदा उठाकर रात्रि में बिना परमिशन के काट रहे थे आम शीशम नीम के पेड़ वन क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंच कर लगभग अवैध रूप से काटे जा रहे 15 पेड़ों को पकड़ा वन माफिया ठेकेदार और लेबर ट्रैक्टर ट्राली में लदे आम शीशम नीम के पेड़ को छोड़कर मौके से हुए फरार वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली में लदे हुए आम के पेड़ों सहित करीब तीन ट्रॉली माल पड़कर किया सीज अवैध रूप से काटे गए आम शीशम नीम के पेड़ों की कीमत लगभग बताई जा रही है लाखों रुपए वन क्षेत्राधिकारी आदित्य सिंह ने की कार्रवाई से वन माफियाओ में मचा हड़कंप कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे वन दरोगा सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही।

## विश्व धरोहर सप्ताह :

# छात्रों ने रसखान समाधि स्थल का भ्रमण किया

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** रसखान समाधि स्थल पर विश्व धरोहर सप्ताह 19 से 25 नवंबर 2025 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग की क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई आगरा द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी के साथ के साथ-साथ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । आयोजन के मुख्य अतिथि श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज महावन मथुरा के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्र रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्र के द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर, प्रदर्शनी का उद्घाटन रिबन काटकर किया गया । श्री गुरू कार्ष्णि इंटर कॉलेज, से कुल 50 प्रतिभागीयो ने चित्र कला प्रतियोगता मे प्रतिभाग किया । 11वीं की छात्रा जानवी ने प्रथम पुरस्कार तथा साधना ने द्वितीय व रेशमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, लक्ष्मी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया । छात्र-छात्राओं को स्मारक भ्रमण कराया गया ।प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्र ने विश्व धरोहर सप्ताह के महत्व को समझाया तथा मानचित्रकार मुकेश कुमार ने विश्व धरोहर सप्ताह पर विचार व्यक्त किये । श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज के स्काउट मास्टर विनोद कुमार शुक्ल,ने विश्व धरोहर सप्ताह के संरक्षण पर अपने विचार रखें। श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज महावन मथुरा की छात्राओं द्वारा बहुत ही मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन पुरातत्व विभाग के अनुपम ने किया। पंच बहादुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया इस कार्यक्रम, में विनोद कुमार शुक्ल, कसक पाराशर, मुकेश कुमार, पंच बहादुर, ऋषि देव सिंह, अंकित सिंह, आशु ,अनुपम इत्यादि उपस्थित रहे ।

# कुएं में मिला युवक का शव, 20 दिन से लापता था

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/छाता।** क्षेत्र के गांव भदावल में एक पुराने कुएं से युवक का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। शव की स्थिति खराब होने के कारण शुरूआती पहचान मुश्किल थी। पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव के फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किए। करीब एक घंटे के भीतर ही फोटो वायरल होने पर युवक की पहचान भदावल निवासी रवि पुत्र दयाचंद के रूप में हुई। सीओ छाता भूषण वर्मा ने बताया कि मृतक रवि लगभग 20 दिन से लापता था। वह अक्सर वृंदावन में रहता था और कुछ समय पहले ही उसकी पत्नी का निधन हुआ था। परिजनों ने बताया कि वे उसे वृंदावन में मान रहे थे, इसलिए उसकी गुमशुदगी को गंभीरता से नहीं लिया था। मंगलवार शाम सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और शव की पुष्टि की। सीओ वर्मा के अनुसार, मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्राथमिक जांच में हत्या या मारपीट की आशंका नहीं दिख रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगा। परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टर का युवती संग डांस वीडियो वायरल

**कांधला।** धरती के भगवान कहे जाने वाले सरकारी अस्पताल के एक डॉक्टर का अस्पताल के ही कमरे में युवती के साथ डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और लोगों में भारी रोष व्याप्त है। वायरल फुटेज में डॉक्टर युवती के साथ अर्धनग्न अवस्था में जमकर डांस करते हुए दिखाई दे रहा है, जो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है ।वीडियो वायरल होते ही चिकित्सा अधीक्षक ने संज्ञान लेते हुए संबंधित डॉक्टर को नोटिस जारी कर तत्काल स्पष्टीकरण मांगा है। अस्पताल प्रशासन ने वीडियो को अस्पताल की गरिमा के खिलाफ बताया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही है। नगर एवं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पताल जनता की सेवा के लिए है, ऐसे में डॉक्टर का अस्पताल परिसर में इस तरह की हरकत करना न सिर्फ शर्मनाक है, बल्कि अस्पताल की छवि को धूमिल करने वाला भी है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 99 जोड़े पवित्र बंधन में बंधे



वेलकम इंडिया

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्थित रॉयल पैलेस में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कांधला एवं कैराना विकासखंड क्षेत्र के 99 नवविवाहित जोड़ों का विवाह वैदिक एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। सामूहिक विवाह में हिंदू व मुस्लिम दोनों समुदायों के जोड़ों ने एक ही मंच पर परिणय सूत्र में बंधकर सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

समारोह के दौरान समाज कल्याण विभाग के अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा सरकार की अन्य लोक-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है, जिससे समाज में सामूहिकता की भावना को बढ़ावा मिलता है।

भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंदों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को सामाजिक उत्थान और संवेदनशील शासन का प्रतीक बताया। इस मौके पर, विकासखंड अधिकारी रोहतास कुमार, कृषि एग्रीकल्चर, जयदेव सिंह, विनोद मलिक, पंकज प्रधान, सहित विकासखंड के अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## ग्रामीण की पिकअप गाड़ी हुई चोरी, मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी ग्रामीण की किसी चोर ने पिकअप गाड़ी चोरी कर ली पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी ग्रामीण अमित कुमार पुत्र वीरसैन ने बताया कि उसका गांव में ही सड़क के किनारे एक प्लाट खाली पड़ा हुआ है। पीड़ित के अनुसार उसने अपनी पिकअप गाड़ी विगत मंगलवार की रात को अपने प्लाट में खड़ी की थी। किसी चोर ने मौका पाकर उसकी पिकअप गाड़ी चोरी कर ली जब सुबह सवेरे पीड़ित अपने खाली पड़े प्लाट में पहुंचा तो उसकी गाड़ी गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी गाड़ी का कहीं सुराग नहीं लगा पीड़ित ग्रामीण ने थाने पहुंचकर अज्ञात में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में अभियोग दर्ज करते हुए पिकअप गाड़ी की तलाश शुरू कर दी है।

## बीएसपी की हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक, होटल देव पैराडाइज में जुटे बसपाई



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** बीएसपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के निदेर्शानुसार दिनांक 19/11/2025 को बहुजन समाज पार्टी जनपद मथुरा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक होटल देव पैराडाइज गोकुल पर आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि की हैसियत से पधारे, मुख्य मंडल प्रभारी आगरा अलीगढ़ मेरठ मण्डल विक्रम सिंह जाटव, मुख्य मण्डल प्रभारी आगरा मंडल पूर्व एमएलसी प्रताप सिंह बघेल रहे। मुख्य अतिथि विक्रम सिंह ने कहा कि एसआईआर पर सभी पदाधिकारी सभी विधानसभा क्षेत्र में बूथ पर पहुंचकर वोट बनवाने का कार्य करें।

पदाधिकारी प्रत्येक बूथ पर जाकर बूथ लेबल एजेंट बीएलओ से मिलकर उनके साथ घर घर जाकर वोट बनवाने का कार्य करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से आगरा मंडल प्रभारी मथुरा जितेंद्र कर्दम, जिला प्रभारी हेमेंद्र कुमार, रामबाबू गौतम, जिलाध्यक्ष नरेश सिंह, जिला महासचिव पवन बघेल, जिला सचिव मुनेंद्र सिंह निगम, बामसेफ जिला संयोजक खेमचंद, विधानसभा प्रभारी गण सुरेश बाबू, महेश फालेंन, गोवर्धन सिंह, राजाराम, विधानसभा अध्यक्ष गण मोहर सिंह, बबलू कुमेरिया, सी पी बौद्ध, वीरेंद्र परिहार उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### जंतर-मंतर पर दहाड़े ब्रज के यदुवंशी




**मथुरा।** रेजांगला के युद्ध में शहीजंतरद हुए यादव समाज की वीर जवानों को अखिल भारतीय यादव महासभा के बैनर तले श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसमें देशभर के हजारों यदुवंशी पहुंचे। यहां अहीर रेजिमेंट की मांग रखी गई। इसके लिए जरूरी सुझाव वक्ताओं ने रखे। मथुरा से अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रहलाद यादव के नेतृत्व में महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष मीना यादव, जिलाध्यक्ष पूनम अहीर, विशिष्टा , वीना, अंजू, नीतू, राजेन्द्र,धर्मवीर, राहुल, नीरज क्रांति आदि मंगलवार को हुए प्रदर्शन में भाग लेने पहुंचे। प्रदर्शन से लौटकर पदाधिकारियों ने बताया कि जंतर-मंतर पर अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर बनी रणनीति का गांव गांव प्रचार किया जाएगा। इस हक को पाने के लिए यादव समाज सतत सम्पर्क और संघर्ष करेगा।

### अवैध पशु कटान करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध पशु कटान के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिम्भावली पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने ग्राम मुरादपुर स्थित मरकज वाली मस्जिद के पीछे खाली पड़े प्लॉट से अवैध पशु कटान कर रहे दो आरोपितों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया ।पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से भैंस प्रजाति का करीब 250 किलोग्राम मांस तथा पशु कटान में प्रयुक्त विभिन्न उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार यह बड़ी मात्रा में बरामदगी है, जो आरोपितों की अवैध गतिविधियों को स्पष्ट रूप से दशार्ती है ।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान वारिस पुत्र साजिद, निवासी ग्राम मुरादपुर, थाना सिम्भावली, जनपद हापुड़ वाहिद पुत्र हामिद, निवासी ग्राम मुरादपुर, थाना सिम्भावली, जनपद हापुड़ थाना सिम्भावली पुलिस ने बरामदगी व गिरफ्तारी के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध पशु कटान को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ को सहयोग दें : सीडीओ

वेलकम इडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम ने जनपदवासियों से अपील करते हुए बताया कि विधानसभा निर्वाचक नामावली हेतु विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (रकफ) जनपद में गत्यात्मक रूप से संचालित है। अभियान के अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा आवश्यक संशोधन का कार्य कर रहे हैं ।सीडीओ ने कहा कि बीएलओ द्वारा वितरित किए जा रहे गणना प्रपत्रों को सही-सही भरकर यथाशीघ्र वापस करना सभी योग्य नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि प्रपत्र भरने में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर संबंधित बीएलओ से और आवश्यकता पड़ने पर किसी भी अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं ।सीडीओ ने बताया कि सटीक और अद्यतन निर्वाचक नामावली लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूत नींव है, इसलिए प्रत्येक मतदाता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

## इंदिरा गांधी जयंती पर कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि, रानी लक्ष्मीबाई को किया नमन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जनपद हापुड़ दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की जयंती बड़े सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई। वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर देशनिर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी भारत की सबसे सशक्त प्रधानमंत्री रहीं। वर्ष 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण जैसे ऐतिहासिक निर्णय से उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति को नई दिशा दी। वहीं 1971 में बांग्लादेश शरणार्थी संकट के समय उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दृढ़ नेतृत्व का परिचय दिया। अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना उनका सबसे बड़ा गुण था ।कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक गजराज सिंह ने राष्ट्र की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि झांसी की रानी ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का साहस, शौर्य और देशभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगी ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व पीसीसी सदस्य नवरत्न त्यागी, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी एस.एस. गौड़, विधि प्रकोष्ठ जिला चेयरमैन रघुवीर सिंह एडवोकेट, डॉ. महबूब, चौधरी मुरसलीन, जिला महासचिव इकबाल प्रधान, रवींद्र गुर्जर, जकरिया मनसबी, ओमवीर नागर, सुबोध शास्त्री, मदन शर्मा, गौरव गर्ग, विक्की शर्मा, अनुज कुमार एडवोकेट, भरतलाल शर्मा, लोकपाल सागर, शौकीन त्यागी, निसार खान, हारून सिद्दीकी, निसार अहमद, गुलफाम, शादाब खान आदि रहे।

## टेक्नोक्स्ट हैकथन 2025 का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ



वेलकम इंडिया

**प्रयागराज।** टेक्नोसैवीज एजुकेशन टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित दो दिवसीय टेक्नोक्स्ट हैकथन 2025 उत्साह और नवाचार के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।एआई, वेब एवं ऐप डेवलपमेंट, रोबोटिक्स और डेटा साइंस क्षेत्रों में छात्रों ने अपने उत्कृष्ट प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और ऊर्जा से भरपूर सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुआ। दो दिनों तक चली कोडिंग और प्रोजेक्ट डेवलपमेंट के बाद प्रतिभागियों ने अपने प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया, जिनका मूल्यांकन उद्योग विशेषज्ञों–

संस्कार दुबे (इलेक्ट्रिकॉक्टपस), शिवा पांडे (एक्सेचर) और अद्वय आनंद (जीरो डे अरेना)–द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि नवीन कुमार गुप्ता (असिस्टेंट प्रोफेसर, यूनाइटेड यूनिवर्सिटी) ने छात्रों को तकनीकी भविष्य और कौशल विकास पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। संस्था के फाउंडर अंकित केसरवानी के पिता संतोष केसरवानी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भावनात्मक और गरिमामय स्पर्श प्रदान किया। समापन पर प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और रिवॉर्ड वितरित किए गए।फाउंडर अंकित केसरवानी ने कहा–

टेक्नोक्स्ट हैकथन छात्रों को फ्यूचर-रेडी टेक स्किल्स देने और इनोवेशन को बढ़ावा देने का माध्यम है। कार्यक्रम की सफलता में टेक्नोसैवीज टीम और सभी स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सोते समय संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से यूपी पुलिस के जवान की मौत

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी यूपी पुलिस के जवान की कमरे में सोते समय संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पोस्टमार्टम के बाद उनके पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई ।गांव नाला निवासी 32 वर्षीय विभोर पंवार जनपद मेरठ के सिविल लाइन थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात था।

परिजनों के अनुसार रोज की तरह वह रात में अपने कमरे में सोने चले गए थे, तभी देर रात अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर किसी तरह शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जब विभोर पंवार का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो घर में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते घटना की खबर पूरे गांव में फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके आवास पर एकत्र हो गए। परिवार में पत्नी अंशु (28), बेटा शिवांश (6), बेटी वर्णिका (8), मां सुमन, पिता जयकुमार, छोटे भाई निखिल और आशीष (फौजी) का रो-रोकर बुरा हाल है। बहन शालू की शादी हो चुकी है ।अंतिम यात्रा में जनपद पुलिस और मेरठ पुलिस के अधिकारियों सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

श्मशान घाट पर विभोर पंवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके पुत्र शिवांश ने पिता को मुखाग्नि दी। उनकी असामयिक मौत से पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

## बिहार चुनाव बेइमानी और चोरी से जीता एनडीए गठबंधन : के एच मुनियप्पा

वेलकम इंडिया/फतेह खान



**मवई अयोध्या।** कर्नाटक राज्य के नगर विकास व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री के एच मुनियप्पा ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में बिहार चुनाव पहली बार ऐसे मोड़ पर पहुंचा जहां करीब 40 हजार करोड़ रुपए की योजना चुनाव के दौरान जनता तक पहुंचाई गई और लगभग तीस हजार करोड़ रुपए महिलाओं के खाते में प्रति महिला दस हजार दिए गए जो सरकारी योजना कम वोट खरीदने का तरीका ज्यादा है।

चुनाव आयोग आंख बंद करके सो रहा है बिहार में एन डी ए की जीत बेइमानी से हुई है ।यदि ईमानदारी से चुनाव हुए होते तो महागठबंधन भारी बहुमत से चुनाव जीतता ।उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जिस प्रकार से लोकतंत्र पर डाका डालने का काम करते हैं यह यह उचित नहीं हैं ।आने वाले समय में जनता इनसे हिसाब लेगी ।श्री मुनियप्पा ब्लाक मवई के ग्राम हंसराजपुर में कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला के यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी इनके मनसूबों को पूरा नहीं होने देगी ।संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस नेता तथा लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संविधान की रक्षा के लिए तथा भाजपा द्वारा की जा रही नफरत की राजनीति को मिटाने के लिए हजारों किमी0 यात्रा करके देश में अमन चैन का संदेश दिया ।कैबिनेट मंत्री के एच मुनियप्पा ने रुदौली क्षेत्र से अपना लगाव जाहिर करते हुए कहा कि पूर्व में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री रहते हुए रुदौली विधान सभा में मैने कई विकास कार्य किए हैं जिनमें उमापुर दुल्लापुर मार्ग से हंसराजपुर तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनवाई इसके अलावा करीब कई सड़के भी शामिल हैं ।उन्होंने कहा कि रेलमंत्री रहते हुए रुदौली रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण,रेलवे ओवरब्रिज का भी उन्होंने तत्कालीन सांसद निर्मल खत्री के कहने पर कराया था। रुदौली,पटरंगा,दरियाबाद में उन्होंने आधा दर्जन ट्रेनों का स्टॉपेज कराकर यात्रियों को सुविधाएं दी थीं ।उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने कई ट्रेनों के ठहराव को भी बंद कर दिया है जिससे जनता को काफी परेशानियां हो रही है ।मुनियप्पा ने कर्नाटक राज्य के कैबिनेट मंत्री होने पर भी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रोटोकॉल न दिए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कोई भी प्रोटोकॉल का व्यक्ति पहुंचता है तो उसे पूरा सम्मान दिया जाता है ।लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने संस्कार विहीन व्यवहार किया है।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने प्राथमिक विद्यालय बाबा बेलखरनाथधाम व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केन्द्र के जर्जर मिलने पर मरम्मत कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया।

आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के उपस्थिति की जानकारी ली तो बताया कि 35 बच्चे पंजीकृत है जिसमें 15 बच्चों की उपस्थिति रहती है जिस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देशित किया कि अभिभावको को जागरूक किया जाये जिससे बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर मिलने वाली सुविधाओं का लाभ दिया मिल सके और बच्चे स्वस्थ्य रहे। इस दौरान



महिला आयोग की सदस्य ने 05 महिलाओं की गोदभराई व 02 बच्चों अन्न प्रासन्न कराया। बाल विकास परियोजना अधिकारी पूनम जायसवाल को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों की निगरानी करें और शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लाभार्थियों को दिया जाये। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य ने नवचयनित मुख्य सेविकाओं को उनके कार्यो एवं दायित्वों के बारे में बताया। इसके उपरान्त प्राथमिक विद्यालय बाबा बेलखरनाथ का निरीक्षण किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चे पठन-पाठन का कार्य कर रहे थे। विद्यालय के अध्यापिका को निर्देशित किया कि बच्चों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जाये।

निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा सहित अभय शुक्ला उपस्थित रहे ।निरीक्षण के उपरान्त महिला आयोग की सदस्य ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी के आवास पर पहुँचकर उनके परिवारजनों से मुलाकात की।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है : माधुरी सिंह



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** थावर गांव में ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से उन्हें विभिन्न उत्पादन बनाना सिखा रही है। जिससे सीखकर महिलाएं अपनी खुद की स्वरोजगार स्थापित कर सकती है।

थावर गांव में बने एस.एच.जी. उद्यमिता केन्द्र में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बीस दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार के उत्पादन बनाने का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया है।

ग्राम प्रधान माधुरी सिंह ने सभी लोगों से आह्वान किया कि वे स्वरोजगार के तौर पर विभिन्न प्रकार के उत्पादन बनाने से जुड़कर अपनी आजीविका कमा सकते हैं। इसमें क्षेत्र के बेरोजगार ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए विभिन्न गतिविधियों में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसका बहुत सी महिलाएं लाभ उठा रही हैं।

इस मौके पर ग्राम सचिव नागेन्द्र कुशवाहा,सहित प्रधान प्र.अतुल कुमार सिंह सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

# पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाईन सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन / मासिक अपराध गोष्ठी का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** बुद्धवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाईन सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन / मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया ।जिसमें सर्वप्रथम उन्होंने सैनिक सम्मेलन कर जनपद के सभी थानों व शाखाओं से आये पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की व उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया ।

मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न अभियानों की समीक्षा यथा यातायात माह, साइबर अपराध, महिला अपराध की समीक्षा करते हुए जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं व पंजीकृत अभियोगों तथा लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया । महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, बरामदगी हेतु शेष अपहृताओं की सकुशल बरामदगी, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने एवं शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर की कार्यवाही आदि के लिए निर्देशित किया ।

आपरेशन कनविक्शन के तहत गम्भीर अपराधों, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, लूट आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु भी निर्देश दिये ।

चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया । इसके अतिरिक्त जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, थानों पर दाखिल विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण हेतु निर्देश दिये साथ ही आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत अपने-अपने थानाक्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थानों, प्रतिष्ठानों, गांवों आदि में लोगों से संपर्क स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में सीसीटीवी कैमरा सड़क मार्ग को कवर करते हुए लगवाने हेतु बताया ।

## शराब के नशे मे धुत कार सवार ने खडी कार मे मारी टक्कर

**बहेड़ी।** ट्रक यूनियन रोड पर एक कार रोड किनारे खड़ी कार से टकरा गई। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई।घायल हुए युवकों को इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया जहाँ से सभी युवक रफूचक्कर हो गए।वहीं इस मामले में रोड किनारे खड़ी कार मालिक ने मामले की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।बताया जाता है कि ट्रक यूनियन रोड पर बैंक ऑडी बड़ोदा के पास देर रात नशे में धुत कार सवारों ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से कार सवार तीनो युवकों को बाहर निकाला गया तो वह शराब के नशे मे धुत थे।इस पर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिसपर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को अस्पताल भिजवाया।बताया जाता है कि इलाज शुरू होने से पहले ही तीनों अस्पताल से निकलकर फरार हो गए।

# फर्जी फर्म मूर्ति इंटरप्राइजेज का पदार्फाश 1.49 करोड़ की कर चोरी का खुलासा हुआ

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** राज्य कर विभाग ने एक बड़ी कर चोरी का खुलासा करते हुए एम/एस मूर्ति इंटरप्राइजेज नाम की फर्म को फर्जी पाया है। एनसीआरबी आधारित डेटा एनालिसिस, जीएसटी पोर्टल जांच और मौके की पड़ताल में यह सामने आया कि फर्म द्वारा इनएडमिसिबल इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेकर आगे पास-ऑन किया गया है, जबकि घोषित व्यापार स्थल पर फर्म का कोई अस्तित्व ही नहीं है। विभाग ने मामले में करीब 1.49 करोड़ रुपये की कर चोरी की पुष्टि करते हुए बारादरी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। राज्य कर विभाग के अनुसार, फर्म ने वित्तीय वर्ष 2024झ25 और 2025झ26 में ऐसी फर्मों से इनवर्ड सप्लाई प्राप्त दिखाई, जिनके जी एसटीआर -2ए/2बी में शून्य आईटीसी था, कई फर्म कैन्सिल थीं इसके बावजूद मूर्ति इंटरप्राइजेज ने भारी आईटीसी लेकर आगे पास-ऑन किया। 2024झ25 की तुलना में 2025झ26 में फर्म का टर्नओवर असामान्य रूप से बढ़ा पाया गया। ई-वे बिल भी संदिग्ध, टर्नओवर शून्य कैश सेटऑफ से समायोजित ।जांच में यह भी सामने आया कि 2024झ25 में केवल 1 ई-वे बिल (?1.81 लाख), 2025झ26 में 1 ई-वे बिल (?18.77 लाख) कैंसिल किए गए। फर्म ने टर्नओवर में कर देनदारी को शून्य कैश भुगतान के बजाय गलत आईटीसी से समायोजित किया। अपर आयुक्त रोड-2 के आदेश पर रेंज-ए बरेली की टीम 12 सितंबर 2025 को फर्म के घोषित पतेस्ट्रीटः कोर्ट रोड, न्यू शक्ति नगर, जोगी नवादा, बरेली पर पहुंची, जहां ₹न्यू शक्ति नगर₹ नाम से कोई जगह मौजूद नहीं मिली ।स्थानीय लोगों ने फर्म या उसके मालिक को पहचानने से इनकार कर दिया ।फोटो दिखाने पर भी किसी ने फर्म स्वामी को नहीं पहचाना ।किरायानामा में दर्ज मकान मालिक बशुदेव और गवाहों के नंबर भी सेवा में नहीं मिले। फर्म के लिए पोर्टल पर उपलब्ध दोनों नंबर 92055 और किरायानामा में दर्ज मकान मालिक 72002—दोनों ही बंद मिले। फर्म से जुड़े किसी भी व्यक्ति से संपर्क स्थापित नहीं हो पाया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि फर्म केवल कागजों पर चल रही थी और वास्तविक व्यापार नहीं करती थी। जांच में फर्म के प्रोपराइटर की पहचान श्री मकवाना अभी सिंह दीप सिंह, निवासी पुसारी तलोड ळंह्ह्, सबरकन्था गुजरात के रूप में हुई। जांच टीम के अनुसार मालिक ने बिना वास्तविक माल मूवमेंट, सिर्फ प्रपत्रों और फर्जी वाहन मूवमेंट, नकली बिलिंग, गलत आईटीसी पास-ऑन के आधार पर लगभग 149.86 करोड़ का राजस्व नुकसान पहुंचाया है।

## विधायक अंकुर राज तिवारी ने बघौली में प्रशिक्षण केंद्र का किया गया शुभारंभ



**संतकबीरनगर।** विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत महत्वाकांक्षी विकासखंड बघौली हेतु हेल्थकेयर ट्रेड में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रशिक्षण प्रदाता जन साधारण उत्थान धर्मार्थ समिति द्वारा स्थापित प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिनसे मा0 विधायक जी ने संवाद भी स्थापित किया। मा0 विधायक जी द्वारा प्रशिक्षार्थियों को रुचि पूर्वक हेल्थ केयर सेक्टर में प्रशिक्षण लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया।विधायक जी द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षण के दौरान केंद्र का निरीक्षण समय-समय पर करते हुए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण संचालित किया जाए। शंभूनाथ मेमोरियल कॉलेज के निदेशक चित्रसेन श्रीवास्तव के द्वारा प्रशिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कहा गया। प्रबंधक धीरेंद्र विक्रम सिंह द्वारा प्रशिक्षार्थियों को उपस्थिति, निःशुल्क पाठ सामग्री और वर्दी एवं हेल्थकेयर सेक्टर में प्रशिक्षण के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।शुभारंभ कार्यक्रम में, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा सर्वेश तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अख्तर खान, विधायक जी के प्रतिनिधि उमेश चंद तिवारी, प्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा, रमाकांत एवं प्रशिक्षक आदि उपस्थित रहे।

## पति के दूसरे निकाह का विरोध करने गई पत्नी को ससुराल वालों ने पीटा

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** सिरौली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर मारपीट, जान से मारने की कोशिश और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर आपबीती सुनाई और कार्रवाई की मांग की।एसएसपी के आदेश पर थाना अलीगंज में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. थाना अलीगंज की रहने वाली महिला ने बताया ने उसका निकाह करीब छह वर्ष पूर्व कौआ टोला निवासी युवक से हुआ था। विवाह के बाद से ही पति अक्सर मारपीट करता था। उसने इस मामले में पुलिस के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। लेकिन पति की आदतों में कोई सुधार नहीं आया। उसे जानकारी मिली कि उसके पति ने 14 नवंबर 2025 को सिरौली निवासी महिला से दूसरा निकाह कर लिया है। जब वह ससुराल पहुंचकर इसका विरोध करने गई तो वहां मौजूद उसके पति, जेठानी, जेठ, ससुर और सास भूरी ने उसे पकड़कर कमरे में बंद कर दिया। महिला का आरोप है कि सभी ने मिलकर उसकी बुरी तरह मारपीट की और घर से भगा दिया। पीड़िता ने बताया कि पति ने उस पर किलो का बाट फेंककर जान से मारने की कोशिश की, लेकिन वह बाल-बाल बच गई। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने उसे और उसकी बहन को गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को दिए प्रार्थनापत्र में पूरे प्रकरण की एफआईआर दर्ज कर थाना सिरौली को कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की है। इसके बाद थाना अलीगंज में एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर मुकदमा दर्ज लिया गया है ।पुलिस मामले की जांचने जुट गई है।

## एयरफोर्स गेट के पास महिंद्रा थार के टायर चोरी, पीड़ित ने इज्जतनगर थाने में दी तहरीर

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** एयरफोर्स गेट, नैनीताल रोड पर खड़ी एक महिंद्रा थार के आगे के दो टायर अज्ञात चोर उड़ा ले गए। पीड़ित मनमीत सिंह रंधावा, निवासी मझारा फार्म, पीलीभीत ने इज्जतनगर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के मुताबिक घटना 14 नवंबर की शाम करीब 5:30 बजे की है। उन्होंने अपनी महिंद्रा थार (रजि. नं. वढ26 अ 1013) अपने ससुराल के बाहर, एयरफोर्स गेट के पास खड़ी की थी। सुबह जब देखा तो गाड़ी आगे से जमीन में धंसी पड़ी थी और दोनों फ्रंट टायर गायब थे। मनमीत ने बताया कि चोरों ने सुनसान जगह का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने थाना इज्जत नगर में तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# संविधान ने प्रदान किए हैं महिला व पुरुष दोनों को समान अधिकार

**वेलकम इंडिया**




**गरुड़।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में एनएसएस का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर शिविरार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. अवधेश तिवारी के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर व संपर्क मार्गों की सफाई की गई। अर्थशास्त्र विभाग के शेर राम टम्टा ने स्वयंसेवियों को नशा मुक्त भारत की भी शपथ दिलाई। बौद्धिक सत्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने स्वयंसेवियों को महिलाओं से संबंधित अपराध, साइबर क्राइम और कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों एवं उसके निवारण के लिए बनाए गए कानून के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

अधिवक्ता त्रिलोक चंद्र जोशी ने ह्यूमन ट्रैफेकिंग, ह्यूमन राइट्स के संबंध में बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. धीरेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि भारतीय संविधान द्वारा महिला एवं पुरुष दोनों को समान अधिकार प्रदान किया गया है। दोनों में भेदभाव करना ठीक नहीं है।इस मौके पर स्वयंसेवियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष डा. लता आर्या, डा. रेखा कुमारी, डा. श्वेता पंत, डा. प्रियंका यादव, डा. दिवाकर टम्टा, पवन नगरकोटी, शुभम, ताजबर सिंह, गणेश जोशी, गोपाल गिरी,रिया, दिव्या, पूजा अंकिता पांडे आदि मौजूद थे।

## एसएसपी द्वारा सर्किल डिबाई का अर्दली रूम आयोजित किया गया

**डिबाई/बुलंदशहर।** बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा सर्किल डिबाई में 06 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में अर्दली रूम किया गया, जिसमें सभी थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण शीघ्रता से निस्तारण, वांछित एवं एनबीडब्लू की गिरफ्तारी के साथ-साथ समय से आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित कर प्रभावी पैरवी कर सजा के अन्तिम परिणाम तक पहुँचाने तथा 07 वर्ष के कम अवधि की सजा वाली धाराओं की विवेचनाओं का निस्तारण शीघ्र-अतिशीघ्र करने व महिला सम्बन्धी अपराधों में न्यूनतम समय में विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर सजा दिलवाने व प्रदेश भर में चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के क्रम में अपराधियों को सजा दिलवाने में व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रभावी पैरवी करने को भी निर्देशित किया गया।

# प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का किया गया हस्तांतरण



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का हस्तांतरण कोयंबटूर से किया गया।

इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद मुख्यालय पर कलेक्ट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस के अवसर पर उपलब्ध सभी संबंधित अधिकारियों एवं सम्मानित किसानों द्वारा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सुना गया। इसी प्रकार समस्त विकासखंड स्तर पर विकासखंड के सभागार में किसानों की उपस्थिति में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। जनपद संत कबीर 21वीं किस्त के अंतर्गत कुल 215762 किसानों को सम्मान निधि भेजी गई है।

किसानों द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि किस्त का प्रयोग अपने खेती की दैनिक आवश्यकताओं हेतु बीज, कीटनाशक, उर्वरक क्रय किए जाने हेतु किया जाता है एवं रोजमर्रा की छोटी जरूरतों हेतु भी इसका उपयोग बहुत ही सुविधाजनक है।

जनपद के किसानों द्वारा सम्मान निधि नियमित रूप से प्राप्त होने के लिए मा0 प्रधानमंत्री जी एवं सरकार का आभार व्यक्त किया गया।

## यूपी की मीट कंपनियों में कश्मीरी सिक्योरिटी गार्डों की तैनाती पर सुरक्षा एजेंसियों की नजर

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश की कई मीट एक्सपोर्ट कंपनियों में कश्मीर मूल की प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसियों की एंट्री और बिना स्थानीय वेरिफिकेशन के कश्मीरी युवकों की तैनाती ने केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। आयकर विभाग से मिली गोपनीय रिपोर्ट में संकेत मिले हैं कि कुछ निजी एजेंसियों के जरिए कट्टरपंथी संगठनों तक फंडिंग की आशंका सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार इन कंपनियों में कार्यरत कुछ कश्मीरी ट्रांसलेटर्स की लोकेशन पाकिस्तान में एक्टिव मिली है, जिसके बाद यूपीएटीएस समेत केंद्रीय एजेंसियों ने जांच तेज कर दी है। मेरठ, आगरा, बरेली और उन्नाव की कंपनियां इस जांच के दायरे में हैं। दिल्ली ब्लास्ट की जांच आगे बढ़ने के बाद खुफिया एजेंसियों ने कुछ मीट एक्सपोर्ट यूनिट्स के हाल के स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा शुरू की। बरेली की दो कंपनियों में की गई जांच में 27 कश्मीरी युवकों की तैनाती मिली। हैरानी की बात यह रही कि इनमें से किसी का भी लोकल पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया गया था। यह चूक सुरक्षा एजेंसियों ने गंभीर मानकर स्थानीय पुलिस से तत्काल रिपोर्ट मांगी है। जांच में यह भी सामने आया कि दोनों यूनिट्स में गार्ड उपलब्ध कराने वाली प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी का मालिक भी कश्मीर का ही निवासी है। अब सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगा रही हैं कि यह स्टाफ किस माध्यम से यूपी पहुंचा और नियुक्ति की प्रक्रिया किस चैनल से पूरी हुई। लोकल इंटेलीजेंस यूनिट (एलआईयू) ने 27 गार्डों केपहचान पत्र, स्थाई पता, पुराने रिकॉर्ड, मोबाइल लोकेशन, मीट कंपनी तक पहुंचने की प्रक्रियाकी जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार कुछ युवकों की यात्रा का पैटर्न संदेह के दायरे में है।

# शादी समारोह से बच्चे घर लौट गए पर नही पहुंचा युवक

**वेलकम इंडिया**

**गरुड़।** राजस्व पुलिस क्षेत्र गरुड़ के अंतर्गत अणा के जंगल में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई ।गांव में पशुओं को चरागाह हेतु जंगल ले गए लोगों को जंगल मे एक शव दिखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी ।जिसके बाद तत्कालइसकी सूचना राजस्व पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही राजस्व पुलिस की टीम के साथ बैजनाथ थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट मौके पर पहुंचे और राजस्व पुलिस ने शव कब्जे में लिया। राजस्व पुलिस क्षेत्र गरुड़ के अणा गांव में ग्रामीणों ने बुधवार को जंगल में एक युवक का शव देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस व राजस्व पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही बैजनाथ से प्रभारी कोतवाल कैलाश सिंह बिष्ट, नायब तहसीलदार भूपाल गिरी, राजस्व उप निरीक्षक दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। शव कब्जे में लिया। शव की





शिनाख्त लक्की कुमार पुत्र हरीश राम, उम्र 21 वर्ष निवासी अणा के रूप में हुई। राजस्व पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए बागेश्वर भेज दिया है। युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हैं। मृतक के पिता हरीश राम ने बताया कि तीन दिन पूर्व बारात में पचना गया था। उसके साथ वाले बच्चे घर पहुंच गए थे। लेकिन वह नहीं पहुंचा तो उसके बाद हमने उसकी काफी खोज बीन की लेकिन उसका कोई पता नही चला। जहां जंगल में बकरी चरा रहे लोगो द्वारा पास जंगल में उसके पढ़े होने की सूचना दी ही ।मृतक के पिता ने बेटे के साथ अनहोनी होने का अंदेशा जताते हुए बेटे की अज्ञात के द्वारा हत्या करने के आरोप लगाए हैं। सूचना के बाद घटनास्थल के पास लोगों का जमावड़ा लग गया।

परिजनों ने घटना की निंदा करते हुए घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की ।घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद भाजपा मण्डल अध्यक्ष गरुड़ भाजपा सुनील दोसाद, एडवोकेट नरेश बिष्ट, तारा रावत, पुष्कर सिंह, राजेंद्र किरमोलिया आदि लोग भी घटना स्थल पहुंचे। राजस्व पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौप कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।अब मामले में तहरीर मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

# प्रीपेड मीटर लगाए जाने के विरोध में 26 नवम्बर को किसानों का सभी जनपदों में होगा विरोध प्रदर्शन

**संतकबीरनगर।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स तथा संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेताओं के बीच बनी सहमति के बाद किसानों ने 26 नवम्बर को सारे देश में बिजली के निजीकरण, इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और प्रीपेड मीटर लगाए जाने के विरोध में व्यापक विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संगठन समिति, उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया राष्ट्रीय स्तर पर बिजली कर्मचारियों के फेडरेशन तथा संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं के बीच में बनी सहमति के बाद निजीकरण के विरोध में मिलकर व्यापक राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया है।




विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी ई0 रविकांत ने बताया कि 09 दिसंबर 2021 को केंद्र सरकार और संयुक्त किसान मोर्चा के बीच बनी सहमति के बाद केंद्र सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा को लिखित दिया था कि किसानों, उपभोक्ताओं और स्टेकहोल्डर्स को विश्वास में लिए बिना इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल नहीं लाया जाएगा। इस वायदे का उल्लंघन करते हुए उप्र में बिजली का निजीकरण किया जा रहा है और केन्द्र सरकार एक बार पुनः इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 लेकर आ गई है।

उन्होंने कहा कि अत्यंत दुर्भाग्य का विषय है कि उत्तर प्रदेश सरकार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत आने वाले 42 जनपदों का निजीकरण करने पर आमादा है जहां प्रदेश की सबसे गरीब जनता रहती है। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मी किसानों और आम उपभोक्ताओं के साथ मिलकर निजीकरण का निर्णय रद्द कराने हेतु कृतसंकल्प हैं।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले उत्तर प्रदेश के सभी जनपद में 26 नवंबर को व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

विरोध प्रदर्शन की मुख्य मांग है - पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय निरस्त किया जाय, इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 वापस लिया जाय तथा किसानों और उपभोक्ताओं के घरों पर जबरदस्ती प्रीपेड स्मार्ट मीटर न लगाया जाय।

उन्होंने बताया कि राजधानी लखनऊ में संयुक्त किसान मोर्चा का विरोध प्रदर्शन 26 नवंबर को प्रातः 11:00 बजे परिवर्तन चौक पर होगा । इसमें बिजली कर्मी भी सम्मिलित होंगे।

संघर्ष समिति के आह्वान पर निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के 357 वें दिन आज बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों में व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा। इस क्रम में आज संत कबीर नगर में विरोध प्रदर्शन में ई0 रविकांत , ई0 वैष्णव , ई0 रामकरन , कार्यकारी सहायक राघवेन्द्र सिंह , अमरनाथ , दिलीप सिंह , सुनील प्रजापति , सूरज प्रजापति , अशोक कुमार, आशीष कुमार, भास्कर पांडेय श्रवण प्रजापति , धीरेन्द्र यादव उमेश चौधरी, मनोज यादव , रमेश प्रजापति , अशोक कुमार, आर्यन कुमार, वीरेंद्र मौर्य , सत्येंद्र सिंह समेत अन्य बिजली कर्मी भी मौजूद थे।

# सात दिन पहले बनाई पुलिया टूट जाने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** निवाड़ी कस्बा स्थित होली चौक पर सात दिन पहले बनाई गई पुलिया टूट जाने को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नाराजगी जताई और निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग होने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने नगर पंचायत के अधिकारियों से ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि नगर पंचायत निवाड़ी में होली चौक चौराहे पर करीब एक हफ्ते पहले एक पुलिया का निर्माण हुआ था जो की क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस रास्ते से कई गांवो के लोग तहसील मोदीनगर में अपने कार्य के लिए रोजाना आने जाने का रास्ता है। इस रास्ते से किसान अपने गन्ने की ट्रैक्टर ट्रॉली व भैंसा बुग्गी से मोदीनगर शुगर मिल पर गन्ने डालते हैं रोजाना कितने किसान व मजदूर इस रास्ते से गुजरते हैं ठेकेदार ने इस पर सीमेंट का कम प्रयोग किया है जिसके कारण यह पुलिया एक हफ्ते में ही टूट गई पूरे क्षेत्र में इसको लेकर बड़ा रोश है। इस रास्ते पर एक पाइप लाइन डाली गई थी उसके लिए सड़क को उखाड़ा गया था जिसकी रिपेयर नहीं की गई जो जल्द ही गन्ने के ट्रैक्टर व बग्गी व गाड़ियों के आने जाने से जल्द ही क्षतिग्रस्त हो जाएगी इस ठेकेदार के खिलाफ जांच कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए वरना भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में निवाड़ी नगर पंचायत दफ्तर पर क्षेत्र के किसान व मजदूर मिलकर धरना प्रदर्शन करेंगे प्रदर्शन करने वालों में राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, तहसील कंपाउंड क्षेत्र अध्यक्ष कुलदीप त्यागी, भाकियू नगर अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी, अमित गिरी, निक्कू त्यागी, इंद्रजीत गुप्ता, मदनलाल फौजी, राजन त्यागी, शकील अहमद, मंगत जाटव, सोनू जाटव, नरेश जाटव, मनोज जाटव, सुबोध कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## महापौर अशोक तिवारी ने आई.डी.एच.कज्जाकपुरा वाराणसी में निर्मित 13 सीटेड सार्वजनिक सुलभ शौचालय का किया लोकार्पण

**वाराणसी।** महापौर अशोक तिवारी द्वारा वार्ड संख्या 15 राजघाट में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत रेल विकास निगम लिमिटेड की सी.एस.आर.निधि लागत 1,08,00,000 (एक करोड़ आठ लाख रुपए) से आई.डी.एच.कज्जाकपुरा वाराणसी में निर्मित 13 सीटेड सार्वजनिक सुलभ शौचालय का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पार्षद सुरेश चौरसिया, अभिजीत भारद्वाज, रोहित जायसवाल, विजय सोनकर व मण्डल अध्यक्ष बबलू सेठ व पूर्व मंडल अध्यक्ष नलिन नयन मिश्रा के साथ भाजपा के कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज मे यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, गोविंदपुरी में बुधवार को यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गाजियाबाद कमिश्नरेट से पधारे यातायात निरीक्षक मनवीर सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार भी थे।

विद्यालय परिसर में आयोजित इस जागरूकता सत्र में सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य डॉक्टर अंशु सिंह ने मनवीर सिंह का मोमेंटो देकर स्वागत किया। यातायात निरीक्षक मनवीर सिंह ने छात्रों को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्त्वपूर्ण नियमों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, ओवरस्पीडिंग न करें तथा मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए सड़क पार करने या वाहन चलाने से पूरी तरह बचें।

उन्होंने यह भी कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है, इसलिए उनका सतर्क और जिम्मेदार रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को ट्रैफिक संकेतों, जेब्रा क्रॉसिंग, सुरक्षित सड़क पार करने के नियम तथा आपातकालीन स्थितियों में अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रश्न पूछे जिनका मनवीर सिंह ने सरल भाषा में समाधान किया।

छात्रों ने स्वीकार किया कि ऐसे कार्यक्रम उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति और अधिक जागरूक बनाते हैं तथा वे अपने परिवार और समाज में भी इस जागरूकता को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर अंशु सिंह ने मनवीर सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान ऐसे जागरूकता अभियान छात्रों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी छात्रों से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता रवि भूषण गौतम ने किया इस अवसर पर सभी शिक्षक गण भी उपस्थित रहे और अंत में सभी के सहयोग के लिए प्रधानाचार्य डॉक्टर अंशु सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# मोदीनगर के बुजुर्ग शीघ्र करेंगे संसद भवन का अवलोकन

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर के बुजुर्गो की एकमात्र पंजीकृत संस्था वरिष्ट नागरिक संस्था से जुड़े बुजुर्ग चालू मास में ही देश के सर्वोच्च लोक तांत्रिक सदन संसद भवन का अवलोकन करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष रकम सिंह दरोगा जी तथा संरक्षक मंडल के रामेश्वर दयाल गुप्ता, रतन सिंह पुनिया व सतीश गुप्ता एडवोकेट आदि ने एक संयुक्त वक्तव्य में बताया कि मोदीनगर-बागपता संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सांसद डा0 राजकुमार सांगवान के सौजन्य से बुजुर्गो का लोकसभा भवन अवलोकन का यह कार्यक्रम निर्धारित हुआ है। इस संबंध में औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं। इस संबंध में शनिवार को हुई कार्यकारिणी की विशेष बैठक में तय हुआ कि दिल्ली जाने वाले बुजुर्गों के आधार कार्ड संलग्न सूचि को शीघ्र ही सांसद को सौंपा जाएगा ताकि वह (डा0 राजकुमार सांगवान) अपने स्तर से तत्संबंधित औपचारिकताओं को समय पर पूर्ण करा सकें। विरेंद्र गुप्ता व अशोक सिरोही के अनुसार संभव हुआ तो उसी दिन बुजुर्गजन दिल्ली के अन्य दर्शनीय स्थलों का भी अवलोकन करेंगे। संभवतः मोदीनगर के बुजुर्गो का यह प्रथम व अविस्मरणीय कार्यक्रम होगा।

# जम्मू-कश्मीर से अपहृत किशोरी गांव गढ़ी से बरामद

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** जम्मू-कश्मीर के जिला गादरबल के थाना गुंड क्षेत्र से अपहृत किशोरी को बुधवार को मोदीनगर के गांव गढ़ी से बरामद किया गया है। साथ में एक युवक भी मिला।

आरोप है कि आरोपित ने अपहरण करने के बाद किशोरी को यहां पिछले 20 दिन से बंधक बना रखा था। यह मकान उसने किराये पर लिया था। कश्मीर पुलिस बुधवार को दोनों को अपने साथ गुंड ले गई। पुलिस के मुताबिक, सुबह जम्मू-कश्मीर पुलिस मोदीनगर थाने पहुंचीं थी। यहां उन्होंने आमद कराई। इसके बाद स्थानीय पुलिस को बताया कि कश्मीर के गुंड से किशोरी लापता है, जिसका मुकदमा वहां दर्ज है।

मुखबिर से सूचना मिली है कि किशोरी मोदीनगर के गढ़ी गांव में है। इस पर कश्मीर पुलिस स्थानीय पुलिस के साथ गढ़ी में पहुंचीं। यहां एक मकान से किशोरी बरामद हो गई। साथ में युवक समीर अहमद खान भी मिला।

पुलिस दोनों को थाने ले आई। यहां पूछताछ के बाद दोनों को पुलिस कश्मीर ले गई। एसीपी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के आने की जानकारी मिली थी। एक किशोरी व युवक समीर को अपने साथ ले गई है।

# हिंसक बंदरों का आतंक, परेशान लोगों ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर** (अनिल वशिष्ठ)। मोदीनगर क्षेत्र में हिंसक बंदरों का आतंक जारी है। बंदरों के आतंक से त्रस्त श्रद्धालुजनों ने जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते पूजार्चना का सहारा ले यहां सीकरी रोड रेलवे फाटक के निकट मंगलवार को भगवान श्रीराम के परम भक्त पवनसुत हनुमान जी की स्तुति स्वरूप सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया, साथ ही भगवान से प्रार्थना की कि जिम्मेदार अधिकारियों को सद्बुद्धि प्रदान करें ताकि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे अर्थात बंदरों का अहित भी न हो तथा शहरवासी हिंसक बंदरों के आतंक से राहत महसूस कर सकें। सभासद मोनू धामा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा0 बबली गुर्जर, राहुल प्रधान, विजय प्रसाद, अनिल सैनी, शोभित खटाना के अलावा सपा जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र शर्मा व सपा नगराध्यक्ष सचिन दीक्षित, समाजसेवी देवराज मित्तल सहित अन्य कई शहरवासियों के अनुसार मोदीनगर में आवारा कुत्तों तथा हिंसक बंदरों का आतंक पिछले कुछ समय से बदस्तूर जारी है। इस संबंध में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों व पालिकाधिकारियें का ध्यान लिखित व मौखिक रूप से आकर्षित किया गया, हाल ही में संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर मौजूद जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड से बंदरों के आतंक की शिकायत की गई, लेकिन आशाजनक व राहतपूर्ण कार्रवाई नहीं हुई। निराश श्रद्धालुजनों को पूजा पाठ व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ आदि का सहारा लेना पड़ा है।

# जब तक समाधान नहीं होगा धरना जारी रहेगा : टीम स्वराज

**वेल्कम इंडिया महमूद रजा**







**बिजनौर।** भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज टीम के द्वारा आज लगातार दूसरे दिन भी थाना कोतवाली शहर बिजनौर पर धरना जारी रहा! बिजनौर के समीपवर्ती गाँव झलरी की 9 वीं क्लास की छात्रा को लापता हुए 5 दिन बीत गए लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला जिसको लेकर युवा टीम और महिला महाशक्ति स्वराज ने पीड़ित परिवार के साथ मिलकर धरना दिया हुआ है टीम की तरफ से हरवेंद्र राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि बेटियां सभी की सांझी होती हैं और उनके सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जायेगा और जब तक पीड़ित परिवार को इंसाफ नहीं मिलता धरना जारी रहेगा पीड़ित परिवार से वार्ता करने पर जनकारी मिली कि पुलिस की तरफ से प्रयास जारी है और कई टीमें बनाकर तलाश जारी है और काफी हद तक पुलिस को सफलता भी मिली है! धरना स्थल पर सेकडों की संख्या में भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज और हिन्द युवा महाशक्ति सेना टीम के पदाधिकारि और कार्यकर्ता शामिल रहे!

धरने की अध्यक्षता भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज टीम की संस्थापक माताजी बृजबाला देवी ने की और मंच संचालन सीमा चौधरी, नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष के द्वारा किया गया!

प्रदेश महासचिव शुभम कालखंडे लगातार प्रसाशनिक अधिकारियों के सम्पर्क में हैं और सभी को गतिविधियों पर पैनी नजर बनाये हुए हैं रेनू चौधरी रास्ट्रीय महासचिव ने सभी सामाजिक संगठनो और जनता से पीड़ित परिवार का साथ देने की अपील की और धरना स्थल पर पहुँचने का आहवान किया!

गीता देवी तहसील अध्यक्ष नगीना, प्रियंका चौधरी तहसील महासचिव, उजाला देवी ब्लॉक अध्यक्ष कोतवाली, निधि चौधरी जिला संगठन मंत्री, गीता शर्मा जिला संयोजक, रेखा चौधरी तहसील उपाध्यक्ष नजीबाबाद, कविता सिंह, बीमा देवी, ललिता चौधरी, पिंकी देवी, विन्कु चौधरी, बबली देवी, बबीता देवी, ममता ठाकुर, मेनका तोमर, युवा टीम से बबलू चौधरी, लोकेंद्र राणा, रावेंद्र सिंह, डॉ. धर्मेंद्र चिकारा, राजकुमार चौधरी, कैलाश सिंह, अमित कुमार, पंकज कुमार, अमित कुमार, रूपेंद्र कुमार, रोबिन चिकारा, आदि शामिल रहें।

# सरदार पटेल ने बदला भारत का स्वरूप : भूपेंद्र चौधरी



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर शिवपुर विधानसभा में शिवपुर के विधायक व कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के नेतृत्व में विशाल एकता यात्रा का आयोजन किया गयो पदयात्रा के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी हाथ में तिरंगा लेकर पदयात्रा करते हुए भाजपा कार्यकताओं में जोश भरने का काम किया।

एकता यात्रा के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल अखंड भारत के शिल्पी थे उन्होंने अपने कौशल से भारत की कई रियासतों को समर्पण करायो उनके प्रयासों से ही भारत की सभी रियासतें अखण्ड भारत का हिस्सा बनी सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान से सरदार पटेल के राष्ट्र समर्पण की भावना से किये गये समस्त कार्यों से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराना है श्री चौधरी ने कहा कि आज हमारा देश सांस्कृतिक रूप से हर दृष्टि से एक जुट होकर और समर्पित होकर सरदार वल्लभभाई पटेल के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है यह एक जन अभियान है हम सबको मिलकर इस अभियान को सफल बनाने का काम करना है।

इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल अखंड भारत के शिल्पी थे कहा कि कांग्रेस सरकार ने सरदार पटेल को कभी सम्मान नही दियो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार पटेल की सबसे उंची प्रतिमा ₹स्टैच्यू आफ यूनिटी₹ का निर्माण कराकर देश और दुनियां को सरदार पटेल की महानता से अवगत करायो यात्रा में शामिल सभी लोग हाथों में तिरंगा और भारत माता की जय का घोष, सरदार पटेल अमर रहे का नारा आकर्षण का केंद्र रहा।

# सीओ व थाना परिसर में ली राष्ट्रीय एकता व अखंडता की ली शपथ



**वेल्कम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर** । पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना कार्या लय व थाना परिसर पर राष्ट्रीय एकता सप्ताह मनाते हुए इस अवसर पर सीओ व थाना प्रभारी नगीना द्वारा पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई। बुधवार को सीओ कार्यालय व थाना परिसर पर कौमी एकता सप्ताह के अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजंनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा सीओ कार्यालय पर तथा थाने पर थाना प्रभारी अवनीत मान द्वारा पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई, पुलिस कर्मियों द्वारा इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने का संकल्प लिया गया, इस अवसर पर सीओ कार्यालय विजय कुमार, राहुल कुमार, सुमित कुमार, ऋतु चौधरी, रीता, अश्वनी कुमार व प्रिंस कुमार तथा थाना परिसर थाना प्रभारी अवनीत मान, एसएसआई दीपक कुमार, एसआई सोहन पुंडीर, सरवेज खान, अजीत तोमर, सुभाष तोमर, शुक्रमपाल सिंह, रामचंद्र सिंह सहित सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पूर्वोत्तर रेलवे मंडल कल्याण संगठन वाराणसी द्वारा हनुमान प्रसाद पोद्दार अन्ध विद्यालय दुगार्कुण्ड में बच्चों को मिष्ठान एवं स्वेटर का वितरण

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे मंडल महिला कल्याण संगठन वाराणसी रेल कर्मचारियों के बच्चों के समग्र विकास के साथ-साथ अन्य समाज सेवा के कार्यों के अग्रणी रहकर समाज सेवा के कार्यों में सराहनीय योगदान दे रहा है इसी परिप्रेक्ष्य में 19 नवम्बर 2025 बुधवार को मंडल कल्याण संगठन के अध्यक्षा वानी जैन एवं सदस्याओं ने हनुमान प्रसाद पोद्दार अन्ध विद्यालय दुर्गा कुण्ड वाराणसी में जनसेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत दैनिक प्रयोग होने वाले वस्तुओं के साथ कक्षा एक से आठ तक के कुल 80 बच्चों को मिष्ठान एवं सर्दी के मौसम में राहत प्रदान करने हेतु स्वेटर इत्यादि सामाग्री का वितरण किया गया।

इस जनसेवा कार्यक्रम के अवसर पर उपाध्यक्ष सरोज वर्मा, सचिव शालनी पाठक, कोषाध्यक्ष मधूलिका सिंह, सदस्य मौसमी चौधरी, जागृति सिंह, नम्रता सिंह, सरिता केसरवानी, संगीता, श्वेता तथा हनुमान प्रसाद पोद्दार अन्ध विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार मिश्र एवं शिक्षक उपस्थित थे।



## आत्मनिर्भर भारत महिला सम्मेलन का आयोजन

**वाराणसी** । भाजपा महानगर महिला मोर्चा के तत्वावधान मे वाराणसी महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष कुसुम सिंह पटेल के नेतृत्व मे बुधवार को सारनाथ मंडल के सारंगनाथ मंदिर पोखरा पर सारनाथ मंडल अध्यक्ष राधा राजभर के द्वारा आत्मनिर्भर भारत महिला सम्मेलन का किया गया आयोजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रुप में प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा रानीका जायसवाल उपस्थित रही मुख्य अतिथी ने अपने उद्बोधन में सभी महिलाओ को आत्मनिर्भर और स्वदेशी बने हुये वस्तुओ के प्रचार व महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी जी द्वारा चलाए जा रहे योजनाओ के बारे मे समझायो कार्यक्रम मे महानगर महामंत्री साधना सिंह उपस्थित रही।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर निकाली विशाल एकता यात्रा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** नजीबाबाद भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा पूरे देश में विधानसभा स्तर पर लौह पुरुष, भारत रत्न देश के पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर नजीबाबाद में एकता यात्रा के प्रमुख जिला उपाध्यक्ष दिनेश सैनी की अध्यक्षता, चौधरी ईशम सिंह के संचालन में शिक्षक विधायक सदस्य विधान परिषद डॉ हरि सिंह ढिल्लों के मुख्य आतिथ्य में विशाल एकता यात्रा नजीबाबाद क्रीडा स्थल (स्टेडियम) से प्रारंभ हुई शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह, पूर्व प्रत्याशी राजीव अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, यात्रा विधानसभा प्रभारी जिला मंत्री बलराज त्यागी विधानसभा यात्रा के आईटी प्रमुख डा रितेश सैन, मंडल अध्यक्ष गणों एवं पार्टी के वरिष्ठ जनों, क्षेत्र के ग्राम प्रधानों सदस्य क्षेत्र पंचायत गणों की उपस्थिति में एकता रैली का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ हरि सिंह ढिल्लों ने झंडी दिखाकर किया एकता रैली रेलवे स्टेशन, माल गोदाम चौराहा, कृष्ण टॉकीज चौराहा, जगन्नाथ चौराहा चौक, बाजार कल्लू गंज, आचार्य आर एन केला, मौ जब्तागंज, मंडी समिति होते हुए लगभग 5 किलोमीटर निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर में एक जनसभा के उपरांत संपन्न हुई जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ हरि सिंह ढिल्लों ने भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन वृत पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि आज हमारे देश की सरकार माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरदार पटेल के सपनों को साकार करने का कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने देश को अनेक रियासतों का विलय कराकर एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया था आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक विधान एक संविधान एक निशान का कार्य चल रहा है जिसका जीवंत उदाहरण कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाए जाना है 500 वर्षों के बाद नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में दिव्या और भव्य श्री राम मंदिर पर जल्द ही भागवत ध्वज फहराएगा। जनसभा को ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, बृज कुमार अध्यक्ष गन्ना समिति, जिला मंत्री बलराज त्यागी, राजन टंडन गोल्डी, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, वरुण आत्रेय, डॉ भूपेंद्र सिंह राजपूत, नकुल अग्रवाल, संदीप तायल, चौधरी ईशम सिंह, आशु अग्रवाल, नमन गुप्ता, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा सुधीर भुईयार, विक्रांत चौधरी, राजकुमार प्रजापति, रितेश सेन, जुगनेश कुमार, आर्य विरेन्द्र शर्मा, अभिषेक यादव, कलवा शेख मंसूरी, प्रमोद गिरी, अनुज चौधरी, सचिन देशवाल, अनुज काकरान, वरुण कौशिक, ओमकार आजाद, मोहित चौहान, शिवम चौहान, तपेश्वर सिंह, एड सरदार कुलवंत सिंह, सरदार सुभाष सिंह, जिला अध्यक्ष प्रधान संघ प्रशांत चौधरी, राहुल हुड्डा, दिलीप कुमार, धीर सिंह, सत्यपाल सिंह, संचालक गन्ना समिति सुधीर चौधरी, बाबूराम तालान, विक्रम सिंह खोवे, एड ब्रजराज सिंह, ओंकार सिंह, मुकेश गुप्ता, बिट्टू भटनागर, संजय सैनी, गायत्री निराला, अंकित राजपूत, आशीष राजपूत, रमजान कुरैशी, नीरज पाल राजेंद्र सिंह संजीव राठी रामलाल सैनी दिनेश खन्ना लोकेंद्र सिंह चौहान पूर्व प्रधान सतीश चौहान संजय चौहान आदि रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक आयोजित हुई

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपनी योजनाओं की विस्तार से जानकारी कृषकों को दी गई। श्री राम जतन मिश्र, उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद द्वारा गत किसान दिवस की शिकायतों की अनुपालन आख्या का विस्तृत ब्योरा समस्त कृषकों के सम्मुख पढ़कर सुनाया गया, जिसमें गत किसान दिवस की शिकायतों के निस्तारण पर कृषकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। कुछ शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी महोदय, द्वारा संबंधित जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण अतिशीघ्र कर कृषक एवं उप कृषि निदेशक गाजियाबाद को आख्या उपलब्ध करायें।


जिलाधिकारी महोदय ने बैठक के दौरान निर्देशित किया कि आगामी किसान दिवस में परियोजना निदेशक, भा०रा०रा०प्रा० या प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। दुहाई ग्राम के पास हिसाली मार्ग पर टूटी हुई सड़क को ठीक कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग करेंगें। चुड़ियाला ग्राम के पास मेरठ एक्सप्रेसवे पर टूटे हुए डाइवर्जन को अभियान चलाकर परियोजना निदेशक, भा०रा०रा०प्रा० द्वारा 15 दिवस में कार्य पूर्ण किया जाएं। अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग द्वारा मुरादनगर हरिद्वार कावड़ मार्ग पर भारी वाहनों को रोकने के लिए व्यवस्था का परीक्षण कर, आवश्यकतानुसार कार्यवाही कराये। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई गाजियाबाद द्वारा अधिशासी अभियन्ता मेरठ गंगनहर समन्वय स्थापित कर तहसील मोदीनगर में राजवाहा की सफाई करायें। बैठक के दौरान किसानों द्वारा जिलाधिकारी महोदय के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि महोदय आपके निर्देशन पर किसानों का गन्ना भुगतान हो पाया है, आपके द्वारा बैठक में त्वरित कार्यवाही से सभी शिकायतों को समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो रहा है। जिसके लिए हम सभी किसान आपको धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

बैठक में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी श्री बिजेन्द्र तोमर, श्री राजवीर सिंह, श्री छोटे चौधरी आदि कृषको द्वारा जिलाधिकारी महोदय को शिकायतो के संबंध में ज्ञापन सोपा गया। किसान दिवस में विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, गन्ना विभाग, मत्सय विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रतिनिधि अपर नगर आयुक्त, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। किसान दिवस में लगभग 70 कृषकों तथा सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुई

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** जनपद सहारनपुर नकुड़ विधानसभा में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पदयात्रा में उमड़े जनसैलाब ने एकता और अखंडता के संकल्प को नई शक्ति प्रदान की। राष्ट्र की एकता, अखंडता और मजबूती के प्रतीक सरदार पटेल जी के आदर्शों पर चलते हुए हजारों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक पदयात्रा में सहभागिता दर्ज कराई और स्वदेशी सामानों को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर भारत बनाने में सहयोग देने का संकल्प लिया।

आप सभी का यह जोश और समर्पण की भावना एवं ऊर्जा को दशार्ता है। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं, आम जनमानस, स्कूल के छात्र, एनसीसी कैडेट्स व स्वंयसेवी संस्था व स्थानीय नागरिकों का हृदय से आभार आप सभी के सहयोग और सक्रिय सहभागिता से यह आयोजन अत्यंत सफल और प्रेरणादायी बना। आभार एवं धन्यवाद, पूर्वसांसद श्री प्रदीप चौधरी जी, नकुड़ विधायक श्री मुकेश चौधरी जी, पूर्व विधायक श्री महिपाल सिंह मांजरा जी, सरसावा नगर पालिका चेयरमैन श्री राजू कुमार जी, नकुड़ नगर पालिका चेयरमैन श्री शिव कुमार गुप्ता जी, चिलकाना नगर पालिका चेयरमैन श्री चाँद मियां जी, पूर्व सरसावा नगर पालिका चेयरमैन श्री नवीन जैन जी, नकुड़ विधानसभा के समस्त मण्डल अध्यक्षगण आदि मौजूद रहे।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने की जनता से अपील, एसआईआर में करें बीएलओ का सहयोग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** श्री सौरभ भट्ट, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद ने अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना अवधि में बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर भ्रमण कर निर्वाचकों को गणना प्रपत्र वितरित किये जा रहे हैं तथा भरे हुए गणना प्रपत्र निर्वाचकों से प्राप्त किये जा रहे हैं, जिसमें समस्त निर्वाचकों की भागीदारी एवं सहभागित अपेक्षित है। अतः जनपद गाजियाबाद के समस्त निर्वाचकों से अपेक्षा की जाती है कि घर-घर भ्रमण के दौरान भरे हुए गणना प्राप्त करने हेतु आने वाले बी.एल.ओ. को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए उक्त गणना प्रपत्र की पावती प्राप्त करना सुनिश्चित करें। भरे हुए गणना प्रपत्र के साथ किसी भी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। कृपया उक्त कार्य में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें, जिससे विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण जैसे निर्वाचन महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्य को भारत निर्वाचन आयोगे के निदेर्शानुसार पूर्ण किया जा सके।

# जिलाधिकारी की कार्यशैली से प्रसन्न जनता ने किया धन्यवाद ज्ञापित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा प्रतिदिन की तरह जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रत्येक जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी ?प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आयी शिकायतों को शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। उन्होने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का स्थलीय ? निरीक्षण कर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं, इसके साथ ही ?सभी शिकायतों के निस्तारण उपरान्त शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें। भूत पूर्व सैनिक श्री वीरपाल सिंह, निवासी शाहपुर बम्हेटा ने जिलाधिकारी महोदय को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि आपके द्वारा आम रास्ते के अतिक्रमण को हटाने के सम्बंध में मेरी शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया गया है उसके लिए मै जीवन भर आपका आभारी रहूंगा।

श्री वीरपाल सिंह ने कहा कि उनके द्वारा लगभग 20 वर्षों से एक शिकायत जिला स्तरीय अधिकारियों से की जा रही थी कि उनके क्षेत्र में एक आम रास्ते पर अतिक्रमण किया गया है जिसे आज तक नहीं हटवाया गया था, उन्होने जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ से भी इस सम्बंध में शिकायत दर्ज करते हुए पूरे मामले से अवगत कराया, जिलाधिकारी महोदय ने जांच, निरीक्षण करने के उपरान्त उक्त आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया। जिलाधिकारी महोदय ने इस अवसर पर कहा कि जनपद में किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या हो तो वे उनसे आकर मिलें। हम शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु हर सम्भव प्रयास करेंगें। बताते चले कि आज जनसुनवाई व किसान दिवस की बैठक में भी जिलाधिकारी महोदय की कार्यशैली एवं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से प्रसन्न अनेकों व्यक्तियों ने जिलाधिकारी महोदय का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ई ज्योति मौर्य, आईएएस अयान जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# गाजियाबाद के जिला महिला अस्पताल के रैन बसेरे को संवारने का काम शुरू

**गाजियाबाद।** जिला महिला अस्पताल के रैन बसेरे का 20 दिन से टूटा पड़ा खिड़की का शीशा बदल दिया गया है। शीश नया लगाया गया है। बेड नये डाल दिये गये हैं। गददा और चादरें भी बदल दी गईं हैं। रैन बसेरे में पुताई का काम चल रहा है। दो सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिये गये हैं।

# अनक्लेम्ड डिपॉज़िट कैम्प 21 नवंबर 2025 को होगा आयोजित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** एलडीएम श्री बुधराम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि वित्तीय सेवाएँ विभाग (डीएफएस) एवं भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त निदेर्शों के अनुसार दिनांक 21 नवम्बर 2025 को दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन, गाज़ियाबाद में दोपहर 3:00 बजे अनक्लेम्ड डिपॉज़िट कैम्प आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जनपद की सभी बैंक शाखाओं के कुल 625944 खातों में लगभग 275 करोड़ रुपये की अनक्लेम्ड डिपॉज़िट राशि लंबित है। अतः इस कैम्प का आयोजन इन दावों के त्वरित निस्सारण एवं दावा-कताओं को उनका वैध अधिकार शीघ्र उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जैसा कि आप सभी को ज्ञात है, अनक्लेम्ड डिपॉज़िट अभियान 01.10.2025 से 31.12.2025 तक संचालित किया जा रहा है। अतः इस अभियान की सफलता हेतु आपका सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान का उद्देश्य उन जमाकर्ताओ या उनके उत्तराधिकारियों को जागरूक करना है, जिनके खाते मृत्यु, भूलवश या अन्य कारणों से लम्बे समय से निष्क्रिय पड़े हैं। ऐसे खातों में पड़ी धनराशी भारतीय रिजर्व बैंक के निदेर्शानुसार डी ई ए एफ में स्थानांतरित कर दी जाती है, जिसका उपयोग साक्षरता एवं जन जागरूकता बढ़ने के लिए किया जाता है। एलडीएम कार्यालय द्वारा आयोजित यह शिविर नागरिकों के लिए एक अवसर होगा कि वे अपने या अपने परिजनों के निष्क्रिय खातों की जानकारी प्राप्त कर अपनी पूंजी पर पाना अधिकार स्थापित करें।

## देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम, वीरता, साहस, शिक्षा और परम्पराओं को सहेजकर महिला सशक्तिकरण की अनूठी मिशाल बनकर

# 21वीं सदी को राह दिखाती क्रांतिकारी महिला जो झांसी की रानी के नाम से आज भी भारत की बहादुर महिलाओं में जिंदा है:बीके शर्मा हनुमान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद :-** जीटी रोड रेलवे मोड विश्व ब्रह्मर्षि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि विभूति बी के शर्मा हनुमान ने बताया कि भारतीय वसुंधरा को गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई वास्तविक अर्थ में आदर्श वीरांगना थीं। सच्चा वीर कभी आपत्तियों से नहीं घबराता है। प्रलोभन उसे कर्तव्य पालन से विमुख नहीं कर सकते। उसका लक्ष्य उदार और उच्च होता है। उसका चरित्र अनुकरणीय होता है। अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वह सदैव आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान सेनापति थी इनका बचपन का नाम मनु था इनका जन्म 19 नवंबर 1828 वाराणसी में हुआ झांसी के राजा गंगाधर राव के साथ विवाह के बाद उनका नाम लक्ष्मी बाई पड़ा लक्ष्मीबाई के पिता ब्राह्मण थे इनकी मां बहादुर व धार्मिक थी ।रानी की मां उन्हें मात्र 4 वर्ष की आयु में छोड़कर स्वर्ग सिधार गई रानी लक्ष्मीबाई ने बचपन में ही घुड़सवारी तलवार और बंदूक चलाना सीख लिया था विवाह के पश्चात 1851 में रानी ने एक पुत्र को जन्म दिया परंतु दुर्भाग्यवश वह मर गया उस समय उसकी उम्र मात्र 4 महीने थी फिर रानी ने एक पुत्र गोद लिया उन्होंने उस दत्तक पुत्र का नाम दामोदर राव रखा परंतु अंग्रेजों को यह अच्छा नहीं लगा की रानी लक्ष्मीबाई का दत्तक पुत्र दामोदर राव उनके सिंहासन का कानूनी वारिस बने क्योंकि झांसी पर अंग्रेज स्वयं शासन करना चाहते थे इसलिए अंग्रेजों ने कहा कि झांसी पर रानी लक्ष्मीबाई का अधिकार खत्म हो जाएगा क्योंकि उनके पति महाराजा गंगाधर का कोई उत्तराधिकारी नहीं है और फिर अंग्रेजों ने झांसी को अपने राज्य में मिलाने की घोषणा कर दी। इसी बात पर अंग्रेज और झांसी वासियों के बीच युद्ध छिड़ गया आत्मसम्मान का प्रतीक था इसी बीच सन 1857 का प्रथम स्वतंत्रता



संग्राम शुरू हो गया रानी लक्ष्मी बाई युद्ध विद्या में पारंगत थी वह पूरे शहर को स्वयं देख रही थी रानी ने पुरुषों का लिबास पहना हुआ था बच्चा उसकी पीठ पर बंधा हुआ था रानी ने घोड़े की लगाम महू पकड़ी हुई थी और उनके दोनों हाथों में तलवारें थी अतः उन्होंने अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं किया और अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया अन्य राजाओं ने उनका साथ नहीं दिया इस कारण वे हार गई और उन्होंने झांसी पर अंग्रेजो का कब्जा हो जाने दिया इसके बाद कालपी जाकर उन्होंने अपना संघर्ष जारी रखा नाना साहब और तात्या टोपे के साथ मिलकर रानी ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए महारानी लक्ष्मीबाई घुड़सवार की पोशाक में लड़ते-लड़ते 17 जून 1858 को शहीद हो गई यदि जीवाजी राव सिंधिया ने रानी लक्ष्मीबाई से छल किया न होता तो भारत शो वर्ष पहले अट्ठारह सौ सत्तावन में ही अंग्रेजों के आधिपत्य से स्वतंत्र हो गया होता। हर भारतीय को उनकी वीरता सदैव स्मरण रहेगी बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के संयोजकअशोक भारतीय, युवा महानगर अध्यक्ष कार्तिक शर्मा, संदीप त्यागी रसम, राष्ट्रीय महासचिव सुभाष शर्मा, की अलोक चांद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऋषिपाल शर्मा, डॉ नानक चंद तोमर, मोहित वर्मा, संजय कुमार, विनय कुमार, पवन वर्मा, वसीम, पार्थ दास, अमल विश्वास, एसके मिश्रा, मिश्रा, डीके वासु, संजय सिंह, दिलीप कुमार, एसके शिखधर, मिलन मंडल, अतुल शर्मा, नरेंद्र मेहता, डीके सिंह, रामबीर सिंह, राधा कृष्ण शर्मा, श्यामलाल सरकार, रंजीत पोद्दार, दीप रॉय, ए खालिद आदि मौजूद थे

